वर्ष-3, अंक-309
इन्दौर सोमवार 04 मई 2026 पृष्ठ 8,
मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,



चाणक्य नीति

जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादक: सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गोविष्टि यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा...

## वोटों को खोने के डर से गोरक्षा पर सख्ती नहीं



गोरखपुर, ईएमएस। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से रविवार को गोविष्टि यात्रा का शुभारंभ हुआ। भारत माता मंदिर, सहारा स्टेट के सामने आयोजित कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में न केवल धार्मिक मुद्दों को उठाया, बल्कि सरकार, राजनीति, वोट बैंक और सामाजिक मानसिकता पर भी तीखे सवाल खड़े किए। उनके भाषण में आक्रोश, आह्वान और आंदोलन की स्पष्ट झलक देखने को मिली। शंकराचार्य ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गाय की रक्षा के मुद्दे पर अपेक्षित दृढ़ता नहीं दिखा पा रहे हैं। उनके अनुसार यदि नेतृत्व में साहस होता, तो बिना किसी दबाव के गोमाता को राज्यमाता घोषित किया जा सकता था।

उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री में इच्छाशक्ति होती, तो वे केंद्र की परवाह किए बिना यह निर्णय ले सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्योंकि वोट बैंक की राजनीति हावी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार मुस्लिम और अन्य समुदायों के वोटों को खोने के डर से गोरक्षा जैसे मुद्दों पर सख्त निर्णय नहीं लेती। शंकराचार्य ने अपने संबोधन की शुरुआत एक गंभीर आरोप से की। उन्होंने कहा कि गोविष्टि यात्रा शुरू करने से पहले उन्हें कई तरह की धमकियां मिलीं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी भी प्रकार के डर से पीछे हटने वाले नहीं हैं। उनका कहना था कि किसी के माई के लाल में हिम्मत नहीं है कि हमें मरवा दे। अगर कोई पार्टी ऐसा करने की कोशिश करेगी, तो वह सत्ता से बेदखल हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें डराने का प्रयास इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वे जनता की वास्तविक भावनाओं और मुद्दों को सामने ला रहे हैं। उनके अनुसार, गोरखपुर की जनता निडर है और वह सच्चाई के साथ खड़ी है, लेकिन कुछ शक्तियां इस आवाज को दबाना चाहती हैं। गोविष्टि यात्रा को लेकर उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य देश में गाय की रक्षा और उसके सम्मान को लेकर जनजागरण करना है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का आधार है। गाय को माता कहकर पुकारते हैं, लेकिन व्यवहार में उसके साथ वैसा सम्मान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गाय के प्रति केवल भावनात्मक जुड़ाव पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी सुरक्षा और सम्मान के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इस यात्रा के माध्यम से वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और गोरक्षा को जनआंदोलन बनाने की कोशिश करेंगे।

### सरकार पर निशाना

अपने भाषण में शंकराचार्य ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में हिंदू हितों की प्रतिनिधि होती, तो अब तक गोमाता की रक्षा के लिए ठोस और प्रभावी नीतियां लागू हो चुकी होतीं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर अन्य देशों में वहां के धार्मिक समुदायों की बात सुनी जाती है, तो भारत में गोमाता की रक्षा की मांग क्यों नहीं सुनी जाती? उन्होंने यह भी कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि देश में न तो हिंदू राष्ट्र की अवधारणा लागू है और न ही सत्ता में बैठी पार्टी पूरी तरह हिंदू हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। शंकराचार्य ने अपने भाषण में वेदों और धार्मिक ग्रंथों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन शास्त्रों में गाय की रक्षा को धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया है। उन्होंने एक वैदिक संदर्भ देते हुए कहा कि गाय को मारने वाले असुरों का नाश किया गया था, और आज भी उसी भावना के साथ समाज को खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि गोरक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है।

चुनाव परिणाम भाजपा की दृष्टि से ऐतिहासिक होंगे

## पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर, असम में भी फिर से बनेगी भाजपा की सरकार : सीएम साय



रायपुर, ईएमएस। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव परिणामों की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत का भरोसा जताया है। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने का दावा किया है। श्री साय ने कहा कि पार्टी कल आने वाले परिणाम को लेकर बेहद आशान्वित है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने कहा, कल चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव के परिणाम आने हैं और हम लोग बहुत आशावान हैं। दो राज्यों- पश्चिम बंगाल और असम में निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत की सरकार बना रही है। अन्य राज्यों में भी एनडीए की मजबूत स्थिति की चर्चा करते हुए ?मुख्यमंत्री साय ने गठबंधन की सफलता का दावा कर कहा कि उन्होंने (मुख्यमंत्री साय ने) स्वयं केरल का दौरा किया और वहां के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों का विश्वास बढ़ा है, जिसका लाभ एनडीए को मिलेगा। श्री साय ने उन सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया जो छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए गए थे।

### बंगाल में परिवर्तन की लहर

पश्चिम बंगाल के चुनावी माहौल पर चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि वहाँ की जनता वर्तमान ममता बनर्जी सरकार और टीएमसी के कामकाज से असंतुष्ट है। बंगाल में इस बार परिवर्तन की लहर चल रही है और जनता का जनसैलाब भाजपा के पक्ष में उमड़ रहा है।

### बाजार भाव (मुंबई)

| | |
|---|---|
| सोना (24 कै. 10 ग्रा.) | 1,50,213 ▲ |
| चांदी (प्रति किलो) | 2,40,100 ▲ |
| प्रति डॉलर / रुपया | 94.89 ▼ |

### शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| निफ्टी | 23,997.55 ▼ |
| सेंसेक्स | 76,913.50 ▼ |

### फटाफट खबरें

#### फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलकर कूदा यात्री

चेन्नई, ईएमएस। चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान एयर अरेबिया की चलती फ्लाइट में एक यात्री इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे कूद गया। यह फ्लाइट शारजाह से चेन्नई पहुंची थी और इसमें 231 यात्री सवार थे। घटना सुबह करीब 3:23 बजे हुई। एयरबस ए320 मॉडल की फ्लाइट जी9 471 रनवे से टर्मिनल की ओर बढ़ रही थी। घटना के बाद पायलट ने तुरंत विमान को रोक दिया और एयरपोर्ट अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं।

#### शराब घोटाले में 5.39 करोड़ की संपत्ति जब्त

रायपुर, ईएमएस। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 30 अप्रैल को रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में 13 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। अब तक की कार्रवाई में 53 लाख रुपए कैश, 3.234 किलो सोना और जरूरी डॉक्यूमेंट बरामद किए गए हैं। जिसकी कुल कीमत करीब 5 करोड़ 39 लाख रुपये हैं। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। ईडी ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। हालांकि किस व्यापारी के घर क्या कितना मिला, यह डिस्क्लोज नहीं किया गया है।

#### सीमा पार हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ाया

अमृतसर, ईएमएस। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पार से चल रहे हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुल सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई हैं। बरामद हथियारों में दो ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), चार .30 बोर पिस्तौल (चीन निर्मित) तथा एक अतिरिक्त .30 बोर पिस्तौल शामिल है।

#### जमात से जुड़े स्कूलों पर सरकारी नियंत्रण

श्रीनगर, ईएमएस। श्रीनगर के बेमिना में जम्मू और कश्मीर बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के ऑफिस में एक लॉकर में एक फाइल रखी है। लोग इसे फाइल 104 कहते हैं, जो असल में इंटेलिजेंस एजेंसियों द्वारा फ्लैग किए गए स्कूलों की एक वॉचलिस्ट है। अगर कोई स्कूल इसमें शामिल हो जाता है, तो बिना किसी अधिकारिक जवाब या पब्लिक नोटिस के सरकारी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है। हाल के दिनों में जिन स्कूलों पर ध्यान गया है, उनमें से एक बारामूला का इस्लामिया हाई स्कूल है।

पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में आज होगी मतगणना... महा-फैसले का दिन, मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



## 5 राज्यों में किसका राजतिलक?

पश्चिम बंगाल की 292, तमिलनाडु की 234, असम की 126 केरल की 140 और पुद्दुचेरी की 30 सीटों पर होगी मतगणना



नई दिल्ली, ईएमएस। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना सोमवार को होगी। असम की 126, केरल की 140 और पुदुचेरी की 30 सीट के लिए मतदान 9 अप्रैल को हुआ था। तमिलनाडु की 234 सीटों के लिए 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल की 293 सीटों के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले गए थे। लेकिन मतगणना 292 सीटों पर ही होगी, क्योंकि फालता विधानसभा सीट पर अब 21 मई को दोबारा मतदान होगा। लगभग सभी राज्यों में कांटे की टक्कर है। ऐसे में पांचों राज्यों में किसका राजतिलक होगा यह दिलचस्प हो गया है।

पांचों राज्यों की कुल 824 सीटों पर हुए इन चुनावों को 2029 लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक टेस्ट माना जा रहा है। सोमवार के नतीजे यह तय करेंगे कि किस राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी और आगे की राजनीति किस दिशा में जाएगी। सभी राज्यों में मतगणना सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट से शुरू हुई, जिसके करीब आधे घंटे बाद ईवीएम की गिनती शुरू हो गई। पहले रुझान 2-3 घंटे के अंदर सामने आने लगेंगे, जबकि दोपहर तक कई सीटों पर स्थिति साफ हो सकती है। वैसे एग्जिट पोल में केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बड़े उलटफेर की संभावना जताई जा रही है। कई पोल करने वालों ने बंगाल में भाजपा को बढ़त दी है, तो केरल में सत्ता परिवर्तन की भविष्यवाणी भी की जा रही है। हालांकि, असम और तमिलनाडु में मौजूदा विधायकों के अपनी सीटें बचाने का अनुमान लगाया गया है।

### राज्यों में मुकाबले की स्थिति

पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा मुकाबला देखा जा रहा है। यहां ममता बनर्जी चौथी बार सरकार बनाने की कोशिश में हैं, जबकि भाजपा पहली बार बहुमत पाने की उम्मीद कर रही है। एग्जिट पोल में भाजपा को बढ़त दिखाई गई है, लेकिन बंगाल में पहले भी अनुमान गलत साबित हुए हैं। तमिलनाडु में मुकाबला दिलचस्प है क्योंकि यहां एक नई पार्टी टीवीके भी चर्चा में है।

### काउंटिंग सेंटर्स पर 3 लेयर सुरक्षा व्यवस्था

चुनाव आयोग ने असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाली मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। सभी काउंटिंग सेंटर्स पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। आयोग के अनुसार पहले और दूसरे स्तर पर पहचान पत्र की मैन्युअल जांच होगी, जबकि तीसरे और अंतिम स्तर पर क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, काउंटिंग स्टाफ, तकनीकी स्टाफ, उम्मीदवारों और उनके चुनाव एजेंटों को जारी किए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 77 मतगणना केन्द्रों पर की जाएगी। चुनाव अधिकारियों ने कहा है कि मतगणना केन्द्रों पर सभी तैयारी पूरी हो गई है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### फालता सीट पर वोटिंग 21 को

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग रद्द कर दी है। यहां पर 29 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा की खबरें आई थीं। चुनाव आयोग ने सभी 285 पोलिंग बूथ पर 21 मई को फिर से वोटिंग कराने का निर्देश दिया है। रिजल्ट 24 मई को आएगा। इसी विधानसभा के एक बूथ पर ईवीएम में भाजपा की बटन के आगे टेप लगा मिला था। इससे पहले शनिवार को पश्चिम बंगाल में मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथों में दोबारा मतदान हुआ।

### क्या रिकॉर्ड वोटिंग से बाजी पलट जाएगी?

इस बार पूरे बंगाल में भारी वोटिंग हुई है। आजादी के बाद पूरे देश के हिसाब से एक नया रिकॉर्ड बना है। 2011 में 84 प्रतिशत, 2016 में 82.66 प्रतिशत और 2021 में 81.56 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, लेकिन 2026 में वे सारे आंकड़े फीके पड़ गए हैं। इस बार वोटिंग रेट 92 प्रतिशत को पार कर गया है, जिन जगहों पर री-पोलिंग हुई, वहां वोटिंग का ग्राफ हाई है। पहले फेज में 152 सीटों पर 2021 के मुकाबले करीब 21 लाख 11 हजार ज्यादा वोट पड़े (हर विधानसभा में एवरेज 13,800 ज्यादा वोट)। दूसरे फेज में 142 सीटों पर 9 लाख 8 हजार वोट बढ़े। हर सीट पर एवरेज 6,400 ज्यादा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि वोटों में इतनी बड़ी बढ़ोतरी के पीछे माइग्रेंट वर्कर्स का अपने घर लौटना एक बहुत ही अहम 'एक्स फैक्टर' का काम किया है।

## देश की पहली स्पेस सिटी जल्द



अमरावती, ईएमएस। यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है। इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी।

सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे। यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी। सरकार ने पांच राज्यों में सरकार गठन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों स्पेस सिटी की आधारशिला रखने की योजना तैयार की है।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष को लेकर विनेश फोगाट का बड़ा खुलासा, बोलीं...

## बृजभूषण के उत्पीड़न की शिकार छह पीड़ितों में मैं भी शामिल



नई दिल्ली, ईएमएस। भारतीय कुश्ती जगत में एक बार फिर बड़ा विवाद सामने आया है। ओलंपियन विनेश फोगाट ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली छह महिला पहलवानों में से एक हैं। यह पहली बार है जब विनेश ने सार्वजनिक रूप से खुद को इस मामले की पीड़िता बताया है। उन्होंने एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कुछ परिस्थितियों के कारण अब उन्हें अपनी चुप्पी तोड़नी पड़ी।

विनेश फोगाट ने कहा कि वह पहले इस मामले में अपनी पहचान सामने नहीं लाना चाहती थीं, क्योंकि मामला अभी अदालत में लंबित है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन कहती है कि किसी भी पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि यह उसकी गरिमा और सम्मान से जुड़ा मामला है। लेकिन आज कुछ परिस्थितियों के कारण मैं आप सबको कुछ बताना चाहती हूं। मैं केस लंबित रहने तक कुछ नहीं बोलना चाहती थी... लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि मैं खुद उन छह पीड़िताओं में से एक हूं, जिन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी और हमारी गवाही अभी भी चल रही है। देश के सामने सब सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि उन छह में से एक पीड़िता मैं खुद हूं, जिन्होंने शिकायत दी थी।

विनेश ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में किसी महिला खिलाड़ी के लिए खेलना बेहद मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि एक महिला के लिए ऐसी स्थिति में मुकाबला करना बहुत कठिन है, और हर खिलाड़ी जिसने ऐसी स्थिति झेली है, वह इसे समझ सकती है।

### देश के तिरंगे का मान बनाए रखूं

विनेश ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेस्लिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेस्लिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं। जैसे मैंने पहले देश के लिए मेडल जीते, परमात्मा के आशीर्वाद से, आप सबके सहयोग से फिर से रेस्लिंग मैट पर जाऊं और देश के लिए ढेर सारे मेडल जीतूं और देश के तिरंगे का मान बनाए रखूं।

## डेढ़ महीने के अंदर दूसरी बार बिकी राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी

नई दिल्ली, ईएमएस। आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स डेढ़ महीने के अंदर दूसरी बार बिक गई है। मशहूर उद्यमी लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर इस टीम को खरीदा। पूनावाला और मित्तल ने 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 15600 करोड़ रुपये से अधिक) की बोली लगाई। अमेरिकी मूल के बिजनेसमैन काल सोमानी के कंसोर्टियम इस दौड़ से हट गए जिसके बाद ये डील पूनावाला और मित्तल ने की। यह करार राजस्थान रॉयल्स परिवार के अन्य लोगों को भी जोड़ता है जिसमें पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स भी शामिल हैं। यह करार तब पूरा होगा जब इसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), सीसीआई और आईपीएल शीर्ष परिषद की बैठक से मंजूरी मिलेगी।

मिडिल ईस्ट में फिर जंग का खतरा...ट्रंप की धमकी पर ईरान बोला...

## होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन, ईएमएस। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग का खतरा मंडराने लगा है। ईरान के अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने चेतावनी दी कि अमेरिका से फिर से युद्ध हो सकता है, ईरानी सेना इसके लिए तैयार है। ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है। इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके डिटेल ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव की समीक्षा करने की बात कही है, लेकिन इसकी सफलता पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक अपने अपराधों की कीमत नहीं चुकाई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे ईरान के भेजे गए प्रस्ताव को जल्द देखेंगे, लेकिन इसके स्वीकार होने की संभावना कम है।

## सरपंच पति समेत तीन पर गैंगरेप का आरोप

भोपाल, ईएमएस। मप्र के पन्ना जिले में एक महिला ने गांव के सरपंच पति समेत तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि 5 अप्रैल 2026 की रात हुई घटना के बाद भी पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। उसने कई स्तरों पर शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। पीड़िता के आवेदन के मुताबिक, घटना पन्ना जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। आरोप है कि गांव के सरपंच के पति ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने धरमपुर थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि वहां एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

## बलूचों के हमलों से यूएस-पाक माइनिंग प्रोजेक्ट संकट में

रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट के खिलाफ लगातार हमले कर रही बलूच लिबरेशन आर्मी

क्वेटा, ईएमएस। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने अमेरिका-पाकिस्तान के रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट को संकट में डाल दिया है। इसकी वैल्यू करीब 7.7 अरब डॉलर (64,000 करोड़) है।

बलूच लिबरेशन आर्मी इसके खिलाफ लगातार सक्रिय है और हमले कर रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी के 500 से ज्यादा लड़ाकों ने 31 जनवरी को बलूचिस्तान के कई इलाकों में हमला कर 58 लोगों की हत्या कर दी थी, जिससे रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए। हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया, जिससे क्वेटा और कराची के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई। कुछ हमलावरों ने आत्मघाती विस्फोट भी किए। हमलावरों ने ऑटोमैटिक राइफल और ग्रेनेड लॉन्चर जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ हथियार अफगानिस्तान में 2021 के बाद छोड़े गए अमेरिकी हथियार बताए जा रहे हैं।

भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट... उत्तराखंड से आंध्र प्रदेश तक 12 राज्यों के जंगल धधक रहे

## मप्र के जंगलों में औसतन हर दिन 60 जगहों पर लग रही आग!



नई दिल्ली/भोपाल, ईएमएस। देश में भीषण गर्मी और लू के बीच जंगलों में आग की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक, मध्य भारत और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में हालात गंभीर बने हुए हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, देश के 12 से अधिक राज्यों में बड़े पैमाने पर जंगल की आग फैली हुई है, जिससे विशाल वन क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। मई 2026 की शुरुआत में भीषण गर्मी के कारण मप्र के जंगलों में आग की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं, और राज्य देश में इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित है। 1 मई तक के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 634 से अधिक बड़ी आग की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिससे वन्यजीवों और वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। मप्र में औसतन हर दिन 60 जगहों पर आग की लपटें दिखाई दे रही हैं।

रिपोर्ट बताती है कि कई जगहों पर आग तीन दिनों से ज्यादा समय तक लगातार जलती रही। सबसे ज्यादा असर मप्र में देखने को मिला, जहां हाल के दिनों में 600 से ज्यादा बड़ी आग की घटनाएं दर्ज की गईं। इसके बाद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी सैकड़ों घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, असम और मणिपुर जैसे राज्यों में भी जंगलों में आग तेजी से फैल रही है। उत्तराखंड में आग की वजह से करीब 130 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है और कई पर्यटन क्षेत्रों में भी इसका असर देखा गया है।

### मप्र में सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र

मप्र के जिन क्षेत्रों के जंगलों में सबसे ज्यादा आग लगने के मामले सामने आए हैं उनमें छिंदवाड़ा, सीहोर (जावर क्षेत्र), अनूपपुर (अमरकंटक), और विदिशा शामिल हैं। मुख्य रूप से भीषण गर्मी, महुआ और तेंदूपत्ता संग्रह के दौरान मानवजनित गतिविधियां, और सूखे पत्तों के कारण आग तेजी से फैल रही है। मप्र लगातार तीन साल से देश में जंगल की आग से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में शामिल है। 2025-26 में 14,506 आग की घटनाओं के साथ मप्र दूसरे नंबर पर रहा, जबकि पिछले साल राज्य इस मामले में नंबर-1 पर था।

### वन्यजीवों के लिए भी बड़ा खतरा

जंगल की आग का असर केवल पेड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वन्यजीवों के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है। कई इलाकों में जानवरों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन पर गंभीर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ता तापमान, सूखी वनस्पति और मानवीय गतिविधियां जंगलों में आग लगने की मुख्य वजह बन रही हैं। पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट भी यह संकेत देती है कि मध्य भारत और दक्षिणी हिस्से अब 'हाई-रिस्क फॉरेस्ट फायर जोन' बनते जा रहे हैं।

## संपादकीय

# चुनावी जीत-हार न बने जीवन-मरण का प्रश्न

देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में मतदान संपन्न होने के साथ ही सभी की नजरें मतगणना के साथ आने वाले रिजल्ट पर टिक गई हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की कवायद भर नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता, चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के भरोसे की परीक्षा भी साबित होने वाले हैं। सोमवार 4 मई को होने वाली मतगणना को लेकर जिस प्रकार राजनीतिक तापमान बढ़ा हुआ है, वह इस बात का संकेत है कि चुनाव अब सिर्फ जीत-हार का खेल नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। मतदान के बाद आमतौर पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए देखे जाते हैं, लेकिन इस बार खासकर पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठे विवादों ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। मतगणना में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को लेकर मामला पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। यह स्थिति दर्शाती है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर संदेह बढ़ा है।

हालांकि चुनाव आयोग ने अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और नियमों के पालन का भरोसा दिया है, फिर भी सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कदम जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए पर्याप्त हैं? खासतौर पर तब जबकि चुनाव के दौरान यह सुनने को मिला कि पश्चिम बंगाल में चुनाव टीएमसी और भाजपा के बीच नहीं बल्कि टीएमसी और चुनाव आयोग के बीच हो रहा है। इसने न सिर्फ चुनाव प्रक्रिया को बल्कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवालिया निशान लगा दिया। चुनाव की तिथि घोषित होने से लेकर चुनाव प्रचार और मतदान के बीच और अब परिणाम आने से पहले तक जिस तरह का माहौल बनता दिखा है, वह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। इसने न सिर्फ चुनाव आयोग की स्वतंत्र व निष्पक्ष के साथ ईमानदार प्रक्रिया पर संदेह पैदा किया बल्कि न्यायपालिका क्या कर रही है, इस पर भी नजर डालने को मजबूर किया है। न्यायालय की तारीख पर तारीख वाली परिपाटी से लेकर सख्त टिप्पणी के बाद फैसलों को रोके रखने ने लोगों को सवाल उठाने का मौका फराहम कराया है। जब यह कहा जाने लगे कि तमाम जांच एजेंसियां और स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं भी केंद्र के इशारे पर उठ-बैठ और फैसले लेने से लेकर कार्रवाई करती नजर आ रही हैं तो वाकई चिंता का विषय हो जाता है। इस पूरी कवायद में विपक्ष के संविधान बचाओ मुहिम को सही ठहराया जाना उचित लगने लगता है। बहरहाल पांच राज्यों में मतदान पूर्ण होने के साथ ही अब नतीजे आने का इंतजार है, क्योंकि इससे यह भी मालूम चलेगा कि जो एग्जिट पोल्स अभी तक जो दावा करते आ रहे हैं वो कितने सही बैठते हैं। एग्जिट पोल्स ने इस बार अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न तस्वीरें पेश की हैं। कहीं स्पष्ट बहुमत, तो कहीं कांटे की टक्कर दिखाकर लोगों का ध्यान भी खूब खींचा है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के दावे 200 के पार से अलग पश्चिम बंगाल में मुकाबला बेहद करीबी बताया जा रहा है, जहां 'साइलेंट वोटर' निर्णायक भूमिका में होने का दावा भी किया जा रहा है। यह अनिश्चितता लोकतंत्र की खूबसूरती भी है और चुनौती भी।

नतीजे प्रभावित न हों और हेर-फेर से मतदाताओं के मतों को बचाने मानों एक अलग ही संघर्ष जारी है। इसी प्रकार तमिलनाडु में संभावित राजनीतिक बदलाव का दावा किया जा रहा है। यह एक नई दिशा की ओर इशारा करता है। पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के बीच नए चेहरे का उभार यह दर्शाता है कि मतदाता अब विकल्प तलाशने के लिए तैयार हैं, जो गलत भी साबित हो सकता है। वहीं असम में सत्तारूढ़ दल की संभावित लगातार तीसरी जीत यह संकेत देती है कि क्षेत्रीय नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती अभी भी निर्णायक कारक हैं। इसकी भी परीक्षा होगी और परिणाम बताएंगे कि कौन पास और कौन फेल रहा। केरल में सत्ता परिवर्तन की परंपरा लौटने की संभावना और वामपंथी राजनीति के कमजोर पड़ने के संकेत एग्जिट पॉल्स से मिलते हैं। यदि ऐसा होता है, तो यह केवल एक राज्य का परिणाम नहीं होगा, बल्कि देश की राजनीतिक दिशा पर भी असर डालेगा। दूसरी ओर, पुडुचेरी में गठबंधन की वापसी का दावा किया जा रहा है। इन तमाम परिदृश्यों के बीच सबसे अहम सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है? चुनाव आयोग की भूमिका, न्यायपालिका का हस्तक्षेप और राजनीतिक दलों का आचरण तीनों मिलकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत या कमजोर करते हैं। जब चुनाव परिणाम आने से पहले ही विवाद, आरोप-प्रत्यारोप और कानूनी लड़ाइयां शुरू हो जाती हैं, तो यह लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

यहां समझना होगा कि चुनाव केवल सरकार बनाने या गिराने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह जनता की आवाज़ का सबसे सशक्त माध्यम भी हैं। यदि इस प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें, तो लोकतंत्र की आत्मा आहत होना ही होना है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष चाहे वे राजनीतिक दल हों, चुनाव आयोग हो या न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारी को समझें और पारदर्शिता तथा निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कुल मिलाकर सेवा का भाव जो सभी स्तर पर देखने को मिलना चाहिए वह कहीं गुम हो चुका है। इसलिए ये चुनाव एक तरह से जीवन-मरण का प्रश्न बन गए हैं, जो होना नहीं चाहिए।

**डॉ हिदायत अहमद खान**

## राज काज

### एग्जिट पोल को लेकर बवाल?

पश्चिम बंगाल विधानसभा को जीतने के लिए भाजपा और केंद्र सरकार ने अपनी सभी ताकतों को लगा दिया है। चुनाव आयोग से लेकर न्याय पालिका तक भाजपा की मदद कर रही है।रही सही कसर सीआरपीएफ की गाड़ियों में बैठकर भाजपा ने चुनाव प्रचार भी कर लिया। इसके बाद भी यदि बंगाल नहीं जीत पाए, तो बड़ी किरकिरी होगी। 4 मई को परिणाम आएंगे। चुनाव आयोग को जिताना है।एग्जिट पोल ने भाजपा को जिता दिया है। सैयां भये कोतवाल तो फिर डर काहे का।भाजपा की ही सरकार बनेगी।

### हाईकोर्ट में अश्लील वीडियो का प्रसारण

दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अश्लील वीडियो का प्रसारण हुआ। जिससे हाईकोर्ट में सनसनी फैल गई। बताया गया, किसी हैकर ने हाईकोर्ट का सिस्टम हैक कर लिया है। सांप निकलने के बाद जैसे लकीर पीटी जाती है। अब वही लकीर दिल्ली हाईकोर्ट पीट रही है। जज साहब से लेकर वकील साहिबान ने वीडियो तो देख ही लिया। जांच के नाम पर गुस्सा तो उतर ही जाएगा।

### राइफल हाथ में लेकर उतरे ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई फोटो आई है।जिसमें वह ऑटोमेटिक राइफल लेकर खड़े हुए हैं। उन्होंने ईरान को धमकी दी है। समझौता नहीं किया, तो अमेरिका सख्त रुख अपनाएगा, ईरान को बर्बाद कर देगा। इस फोटो के बाद यह साबित हो गया है। ट्रंप राष्ट्रपति की भूमिका में कम, अमेरिका के डान बनकर सारी दुनिया के सामने उन्होंने नई पहचान बनाई है। डान को खुद राइफल उठानी पड़ी है।

### पश्चिम बंगाल में ज्यादा मतदान जीत का उत्सव?

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने भारी मतदान होने को लोकतंत्र की जीत बताया है। भाजपा बढ़े हुए मतदान पर यह मानकर चल रही है। यह परिवर्तन के लिए था। भाजपा की सरकार बनना तय है। भाजपा ने उत्सव मनाना भी शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग का जब सहयोग है।

# सावधानी, सजगता और सुरक्षा का संगम: जबलपुर बरगी डैम हादसा!



सुनील कुमार महला

30 अप्रैल को शाम लगभग 5-5:45 बजे के लगभग मध्य प्रदेश के जबलपुर के पास बरगी डैम (नर्मदा नदी) में हादसा हो गया, यह बहुत ही दुखद घटना है। दरअसल, जैसा कि मीडिया में यह सामने आया है कि एक पर्यटक क्रूज बोट, जिसमें 30-40 के करीब लोग सवार थे, अचानक तेज हवा और उफनती लहरों में फंस गई और मौसम खराब होने के बावजूद बोट पानी की लहरों पर चलती रही और अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस हादसे में (जबलपुर क्रूज हादसे) के तीसरे दिन मरने वालों की संख्या 10 तक पहुंच गई है और 3 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि इस हादसे में 28 लोगों को जिंदा बचा लिया गया। बहुत ही दुखद है कि इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है।यह हादसा बेहद अचानक हुआ और कुछ ही मिनटों में ही सैर-सपाटा जानलेवा स्थिति में बदल गया।

कहते हैं कि जीवन-मरण मनुष्य के हाथ में नहीं है, लेकिन सजगता, बचाव, सतर्कता मनुष्य के हाथ में है। थोड़ी सी लापरवाही कभी कभी बहुत गंभीर साबित होती है।इस हादसे में पलभर में हंसता-खेलता एक परिवार कुछ ही समय में तबाह हो गया। बताया जा रहा है और जो क्रूज हादसे का शिकार हुआ, वह मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग का था।इस हादसे की एक तस्वीर

सुरक्षित जल यात्रा



वायरल है, जिसमें एक मां(मेरिना) अपने 4 साल के बेटे(त्रिशान) को अपने सीने से चिपकाए हुए है,इस तस्वीर ने हर किसी को सदमे में ला दिया, विचलित कर दिया। इस दुर्घटना में दोनों मां-बेटे और बच्चे की नानी की मौत हो गई है।मेरिना की बहन ट्रीजा चौहान एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को यह बताया है कि पहली कॉल(मेरिना से विडियो काल)के दौरान उन्होंने देखा था कि नाव में मौजूद ज्यादातर लोगों ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी, जो एक गंभीर लापरवाही थी। मेरिना के पति प्रदीप ने बताया कि अचानक आई तेज हवाओं से बोट बुरी तरह हिलने लगी थी।जब बोट में पानी भरने लगा, तो उन्होंने लाइफ जैकेट निकालने के लिए ताला तोड़ा और उसे पहनकर अपनी बेटी के साथ वहां से निकल गए। उन्होंने देखा कि मेरिना अपने बेटे को बचाने की कोशिश कर रही हैं वह उसे लाइफ जैकेट पहना रही है, लेकिन मेरिना और उसका बेटा नहीं बच पाए। बहरहाल, यदि हम यहां पर हादसे के मुख्य कारणों की बात करें तो (जैसा कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है) खराब मौसम (तेज हवा और ऊंची लहरें), सुरक्षा में भारी लापरवाही(यात्रियों को समय पर लाइफ जैकेट नहीं दी गई),बोट चालक की लापरवाही(जैसा कि यात्रियों और किनारे से चेतावनी मिलने के बावजूद बोट वापस नहीं लाई गई) और क्रू के व्यवहार(जैसा कि कुछ बचे लोगों ने आरोप लगाया कि क्रू ने स्थिति बिगड़ने पर यात्रियों को छोड़ दिया गया) को बताया जा रहा है।कई रिपोर्ट्स में तो यहां तक बात कही गई है कि लाइफ जैकेट बाद में दी गई या उपलब्ध ही नहीं थी। कुछ पुलिस अधिकारियों ने यह बात तक कही है कि टूरिस्ट ऊपर चले गए थे, जिसकी वजह से जहाज में बैलेंस खराब हो गया था। तेज हवा चलने की वजह से टूरिस्ट इधर-उधर भागने लगे उसकी वजह से भी जहाज अनियंत्रित हो गया और उसमें पानी भरने लगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया गया है कि दुर्घटना क्यों और कैसे हुई? शुरुआती जानकारी के अनुसार, मौसम खराब होने के बावजूद क्रूज का संचालन जारी रहा और सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। टूरिस्ट ने बताया कि हवा तेज होने पर उन्होंने क्रूज को किनारे पर ले जाने को कहा, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी और उसे पानी के बीच में ले जाया गया।

## सुविचार

काम की समाप्ति संतोषप्रद हो तो परिश्रम की थकान याद नहीं रहती।

\- कालिदास

हथोड़ा कभी कभी अपना निशाना चूक भी जाता है; लेकिन फूलों का गुलदस्ता कभी नहीं।

\- अज्ञात

## प्रसंगत

### रचना का सम्मान

यह उस समय की बात है, जब विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने लेखन की शुरुआत ही की थी। उन दिनों कई बार तो उनकी रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं से लौटा दी जाती थीं और प्रकाशित होने पर भी उन्हें दूसरे लेखकों की तुलना में कम पारिश्रमिक मिलता था। इसी संकोच के कारण कई बार तो वह कहानी लिख कर भी छपने के लिए कहीं नहीं भेजते थे। एक बार उन्होंने अपनी 'स्वामी' शीर्षक रचना उस समय की चर्चित पत्रिका 'नारायणा' में छपने के लिए भेजी। पत्रिका के संपादकों को यह रचना इतनी पसंद आई कि दूसरे ही दिन वह पत्रिका के पहले पेज पर छाप दी गई। उस समय नारायणा में प्रकाशित एक कहानी या लेख का पारिश्रमिक कम से कम पचास रुपये हुआ करता था। लेकिन कई बार इससे ज्यादा पारिश्रमिक भी दिया जाता था। इसका निर्णय रचना का स्तर और लेखक की प्रतिष्ठा को देखकर संपादकगण करते थे। लेकिन शरतचंद्र की इस रचना के बारे में संपादक मंडल कोई निर्णय नहीं ले सका। यह तय हुआ कि इसका फैसला शरतचंद्र जी स्वयं करें। दो दिनों के बाद उनके पास पत्रिका के कार्यालय से एक कर्मचारी आया और उन्हें प्रधान संपादक की एक चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी के साथ एक हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक भी था। पत्र में लिखा था।

# मिनाब 168 : महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत

**तनवीर जाफ़री**

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता, अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई।

इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया। याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस त्र मिनाब 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ़, ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी त्र मिनाब 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौक़ा था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज़ से बेनक़ाब किया था। त्र मिनाब 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाक़ात की। अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ़ तौर पर इसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की भयानक ग़लती भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हज़ारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने हैंड्स ऑफ़ ईरान के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकात्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी ज़ोरदार मांग हुई। बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में युद्धापराध अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो युद्धापराध अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को।

## जरा हटके

# करीब 2200 साल पुराना रोमन जहाज मिला

**स्ट्रासबर्ग (ईएमएस)।** हाल ही में एड्रियाटिक सागर की गहराई में एक ऐसा जहाज मिला है, जो लगभग 2200 साल पुराना है। यह सिर्फ लकड़ी का एक ढांचा भर नहीं, बल्कि उस दौर की उन्नत तकनीक का जीता-जागता प्रमाण है जिसने शोधकर्ताओं को हैरत में डाल दिया है। वैज्ञानिक यह जानकर हैरान हैं कि उस जमाने में भी जहाज बनाने वाले ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल करते थे, जिससे जहाज सालों-साल समंदर की मार झेलने के बाद भी सुरक्षित रहते थे। इस मलबे ने यह साबित कर दिया है कि रोमन काल में चीजें सिर्फ दिखावे के लिए नहीं, बल्कि सदियों तक टिकने के लिए बनाई जाती थीं। यह अद्भुत खोज क्रोएशिया के तट के पास हुई, जहाँ 2016 में महज 4 मीटर पानी के नीचे इलोविक-परजीन 1 नामक इस प्राचीन मलबे को खोजा गया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि सदियों से पत्थरों और तलछट के नीचे दबे रहने और ऑक्सीजन की कमी के कारण ही यह जहाज समुद्री जीवों और मौसम की मार से बचा रहा। इसके साथ मिले बड़ी संख्या में एम्फोरा (प्राचीन मिट्टी के बर्तन) उस समय के समृद्ध व्यापारिक संबंधों की कहानी भी बयां करते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रासबर्ग की आर्कियोमेट्रिस्ट आर्मेल शैरी-दुहौत के गहन शोध ने इस जहाज के निर्माण की तकनीक का खुलासा किया है।

उन्होंने पाया कि जहाज की लकड़ी को वॉटरप्रूफ बनाने के लिए दो तरह की खास कोटिंग का इस्तेमाल किया गया था। पहली परत चीड़ के पेड़ से निकले तारकोल (पाइन टार) की थी, जबकि दूसरी परत में पाइन टार को मधुमक्खी के मोम (बीज़वैक्स) के साथ मिलाया गया था। यह मिश्रण न केवल लकड़ी को पानी से बचाता था, बल्कि उसे लचीला और मजबूत भी बनाए रखता था, जिससे जहाज समंदर की चुनौतियों का सामना कर पाता था। प्राचीन रोमन लेखक प्लिनी द एल्डर ने भी अपनी कृतियों में जोपिसा नामक ऐसे ही एक पदार्थ का उल्लेख किया है, जो इस खोज को ऐतिहासिक पुष्टिकरण देता है।

इस शोध का सबसे दिलचस्प पहलू कोटिंग के नमूनों में मिले पराग कणों का विश्लेषण है। वैज्ञानिकों को पाइन, ओक, जैतून और कई जंगली फूलों के पराग मिले हैं, जो एड्रियाटिक और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में पाए जाते हैं।

## फोटो ऑफ द डे



लाटीविया के रिगार शहर में चैरी के खिले हुए फूलों को देखते हुए लोग। -फोटो-ईएमएस

## व्यंग

# किताबों की अंतिम यात्रा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

फटी, पुरानी, रद्दी अब यही मेरे नाम रह गए हैं। किसी लेखक के पुस्तक विमोचन स्थल से जब मैं पहली बार इस लेखक के घर पर आयी थी, उनका मेरे प्रति स्नेह छिपाये नहीं छिपता था। कभी वे मुझे अपनी अंगुलियों से सहलाते तो कभी थूक की नरमी से मेरे पन्ने पलटते। अब वह बात नहीं रही। घर में प्रवेश करने के कुछ दिन तक मैं उनके हॉल की शोभा बनी रही। चूँकि हॉल में रखी शीशे की अलमारी में जगह सीमित थी, सो वहाँ मुझे अधिक दिन तक रहने का सुख नहीं मिला। जल्द मुझे वहाँ से घसीट बाहर किया गया। कुछ दिन तक घर की अलग-अलग मेज़ों पर मैंने अपना आसन जमाया। कहते हैं जब ज़िन्दगी घुमक्कड़ बन जाती है तब अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किसी न किसी तरह मौजूदगी दर्ज करानी पड़ती है। मैं आकार में थोड़ी मोटी थी। मेरा जिल्द रूपी लिबास मज़बूत होने के कारण मैं बहुत सारे काम कर लेती थी। मसलन लेखक या उनकी पत्नी, बच्चे चाय, कॉफ़ी या दूध का कप मेरी पीठ पर रख देते थे। इससे मेरे बदन पर गोल-गोल निशान पड़ जाते थे। मैं पढ़ने में उपयोगी थी या नहीं यह तो लेखक ही बता सकते थे, लेकिन मैं मच्छर, झिंगूर, कीड़े-मकौड़े मारने के एकदम योग्य थी। मेरे अंग-अंग पर उन कीटों के खून के निशान चीख-चीखकर गवाही देते थे। कई बार रद्दी ख़रीदने वाले के हाथों लेखक की पत्नी मुझे बेचने की कोशिश करती थी। वो तो लेखक थे, जो मुझे एक से दो बार उलट-पुलटकर देखते और फिर से स्टोर रूम में रख देते थे। यह दीन गाथा केवल मुझ जैसी एक किताब का नहीं स्टोर रूप में पड़ी कई किताबों का था। अक़्सर हम सब मिलकर आपस में बात भी करते थे। हम अपने इस दुर्भाग्य पर रोते कि हमें हॉल में रखी शीशे वाली अलमारी में जगह क्यों नहीं मिलती। इसका भी एक दिन पर्दाफ़ाश हो गया। स्टोर रूम में पड़ी एक दुबली-पतली, जिसकी जिल्द फट चुकी थी और अपने जीवन की अंतिम साँसें गिन रही थी, ने बताया, 'एक दिन हॉल में मेरे सामने ही लेखक किसी से बात कर रहे थे। सामने वाले ने जब लेखक से पूछा कि आप इतनी सारी पुस्तकें उठा लाते हैं, उन्हें रखते कहाँ है? आपकी विद्वत्ता को भला यह अलमारी क्या सँभाल पाएगी?' तो लेखक मुस्कुराते हुए प्रत्युत्तर में कहते हैं, 'आप ठीक कहते हैं। अब देखिए न जहाँ कहीं भी चला जाता हूँ कोई न कोई मुझे पुस्तक थमा देता है। कोई समीक्षा लिखने के बहाने थमा देता है तो कोई सैंपल के रूप में। अब मैं आपको क्या बताऊँ किसीको न नहीं कह सकता। इसलिए सबकी किताबें उठा लाता हूँ। घर लाने पर श्रीमती जी की डाँट अलग से खानी पड़ती है। इन किताबों के चलते यह घर, घर नहीं रद्दीख़ाने सा लगने लगा है। चूँकि सभी किताबें अलमारी में रखी नहीं जा सकती, इसके लिए मैंने बीच का रास्ता अपनाया है। अलमारी में उपयोगी शब्दकोश और मेरी लिखी किताबों के अतिरिक्त शेष सभी किताबों को स्टोर रूम में रख दिया है।

## चिंतन-मनन

# संत की उदारता

संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं। इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है। इसे मैं सुधारने, संस्कारित करने के उद्देश्य से यहां लेकर आया हूं। मुझे यह भी मालूम है।

## स्वास्थ्य

# हाथ-पैर के असामान्य रूप से ठंडे रहना गंभीर बीमारियों के संकेत

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हाथ-पैर के असामान्य रूप से ठंडे रहने या उनमें सुन्नपन महसूस होना शरीर के भीतर चल रही किसी गंभीर आंतरिक कमजोरी या असंतुलन का स्पष्ट संकेत हो सकती है। विशेषकर गर्मियों के मौसम में जब बाहर का वातावरण गर्म होता है, तब भी यदि किसी के हाथ और पैर बर्फ जैसे ठंडे बने रहते हैं, तो यह केवल एक शारीरिक बदलाव नहीं, बल्कि शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी है जिसे नजरअंदाज करना सेहत के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, हाथों और पैरों का ठंडा रहना सीधे तौर पर शरीर में रक्त संचार की अक्षमता से जुड़ा हुआ है। हमारा शरीर एक जटिल प्रणाली है जहां रक्त न केवल ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाता है, बल्कि पूरे शरीर में गर्मी भी बनाए रखता है और तापमान को भी नियंत्रित करता है। जब रक्त परिसंचरण धीमा पड़ जाता है या किसी कारण से बाधित होता है, तो सबसे पहले शरीर के बाहरी हिस्से, खासकर हाथ और पैर प्रभावित होते हैं क्योंकि वहां तक पर्याप्त रक्त नहीं पहुंच पाता। यह स्थिति शरीर के सामान्य तापमान संतुलन को बिगाड़ देती है। इसके अतिरिक्त, खराब पाचन तंत्र भी इस समस्या की एक बड़ी वजह हो सकता है। जब पाचन ठीक से नहीं होता, तो शरीर भोजन से पर्याप्त ऊर्जा और पोषण अवशोषित नहीं कर पाता, जिसका सीधा असर शरीर की समग्र कार्यप्रणाली और रक्त उत्पादन पर पड़ता है।

**जल संरक्षण की दिलाई शपथ : स्वच्छता सर्वेक्षण के फीडबैक में भी इंदौर को नंबर वन बनाने की अपील**

# स्वच्छता के साथ ही जल संरक्षण में भी बनेंगे नंबर वन- महापौर

» महापौर ने जल संरक्षण के लिए चलाई साइकिल
» 'साइक्लोथान' में बड़ी संख्या में प्रतिभागीयो ने लिया हिस्सा
» महापौर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में दिया फीडबैक





इंदौर। जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए आज प्रातः महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में प्रातःकाल नेहरू स्टेडियम से "क्लीन इंदौर सेव वाटर साइक्लोथान" का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर द्वारा साइकिल चलाकर जल संरक्षण के लिए नागरिकों को प्रेरित किया तथा जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू , अपर आयुक्त आशीष पाठक, इंदौरी सुबह के नितिन चतुर्वेदी, एवं बड़ी संख्या में साइकिलिस्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर, क्लीन वॉटर और जल गंगा संवर्धन अभियान के संदेश के साथ हर वर्ष हम यह साइक्लोथान का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में हमारे बच्चे एवं उनके बच्चों के लिए पानी बचाने के उद्देश्य से हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इंदौर का भूमि का जल स्तर जो की लगातार कम होता जा रहा है, अगर हम लोग जागरुक नहीं हुए तो हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी नहीं रहेगा। इंदौर की जनसंख्या बढ़ रही है जो जनसंख्या इंदौर की 2030 में अनुमानित थी वह जनसंख्या 2023 में ही बढ़ गई। जल संरक्षण के लिए हम सभी वाटर हार्वेस्टिंग के घरों पर छोटे-छोटे संयंत्र लगाए, जिससे भूमिगत जल का स्तर बढ़ाया जा सके। इंदौर देश में दूसरे नंबर का महंगा पानी पीने वाला शहर है, पहले स्थान पर शिमला है।आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर स्वच्छता के फीडबैक में भी नंबर वन बने इस उद्देश्य से नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता फीडबैक में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री भार्गव द्वारा माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे मध्य प्रदेश में केवल इंदौर में नहीं संपूर्ण मध्य प्रदेश मे जल गंगा संवर्धन अभियान कि शुरूआत करते हुए, छोटी-छोटी वाटर बॉडीज को, तालाबों को, नदियों को जोड़ने का काम कर उनको पुनर्जीवित करने का काम किया है।

जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने कहा कि इंदौर ने पिछले वर्षों से जल संरक्षण एवं भूमिगत जल को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं, पिछले तीन वर्षों के अंदर शहर में रिचार्ज सॉफ्ट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए लगातार कार्य किया है जिसके तहत के लगभग 500 से अधिक रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण, कुएं-बावड़ी, तालाबों के साथी तालाबों की चैनल का संरक्षण, गहरीकरण एवं सफाई का कार्य किया है। शहर के नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने तथाजनता को जागरूक करने के क्रम में साइक्लोथान का आयोजन किया गया है।

अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि साइक्लोथान नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग जीपीओ चौराहा, राजीव गांधी चौराहा, मानिक बाग रोड, कलेक्टर चौराहा, टावर चौराहा, सपना संगीता, इंदिरा प्रतिमा होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई, इस आयोजन में शहर के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं साइक्लिंग प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

## »न्यूज ब्रीफ

### पति ने विवाद के बाद पत्नी के गुप्तांग में डाला मिर्च पाउडर

इंदौर। इंदौर मे एक पति ने विवाद के बाद शराब के नशे में पत्नी के प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया। उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि दो अस्पतालों में उपचार कराना पड़ा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है। शनिवार रात उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा और शादी से पहले के संबंधों को लेकर उस पर आरोप लगाने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपशब्द कहे और पानी भरने की नली से बेरहमी से मारपीट की, जिससे महिला को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार, जब वह जमीन पर गिर गई तो आरोपी मिर्च पाउडर लाकर उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। दर्द से वह जोर-जोर से चीखने लगी। शोर सुनकर उसका बेटा और ननद मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के बाद महिला के बयान के आधार पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के 06 प्रकरण पंजीबद्ध किए

इंदौर। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी निर्देशन में शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध विभिन्न ढाबों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। गत दिवस की गई कार्रवाई कंट्रोल रूम प्रभारी देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज कुमार अग्रवाल एवं उड़नदस्ता प्रभारी अधिकारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भोई मोहल्ला श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा की टीम द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान इंदौर-उज्जैन रोड स्थित विभिन्न ढाबों पर छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए। यूनिक ढाबा, भगवती ढाबा, मेट्रो ढाबा सहित अन्य स्थानों पर अवैध मदिरा परोसते पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं मदिरा दुकानों के आसपास अवैध रूप से परोसी जा रही मदिरा के विरुद्धअभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### तिगाला ने उठाई कब्रिस्तान के कायाकल्प की मांग

इंदौर। चंदन नगर कब्रिस्तान कमेटी के सदर हाजी इमामुद्दीन तिगाला ने सामाजिक सेवा और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता दिखाते हुए नगर प्रशासन मंत्री को ज्ञापन सौंपकर कब्रिस्तान के कायाकल्प की मांग की है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, आवागमन सुगम बनाने, दफन प्रक्रिया के दौरान पानी व साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था और परिसर में पौधारोपण जैसे प्रस्ताव रखे। तिगाला ने इससे पहले क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल ट्रस्ट को 1 लाख रुपए की सहायता देकर गरीब मरीजों के इलाज में सहयोग भी दिया। ज्ञापन में समाजसेवी दीपू यादव सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जो सामाजिक सौहार्द का उदाहरण बना। तिगाला ने कहा कि उनका उद्देश्य मानव सेवा है—चाहे अस्पतालों की मदद हो या कब्रिस्तान को सम्मानजनक और व्यवस्थित बनाना।

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बीके निर्मला दीदी से की भेंट

**स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम पूछने ब्रह्माकुमारीज शांति धाम पहुंचे**



भोपाल। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ब्रह्माकुमारीज रीवा के सब-जोनल कार्यालय शांति धाम पहुंचे। यहां उन्होंने भोपाल जोन की जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान की बीके निर्मला दीदी का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने और पुनः शिव बाबा की सेवाओं में सक्रिय होकर मध्यप्रदेश तथा देश के कल्याण में योगदान देने की कामना की। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की जनता की ओर से वह बीके निर्मला दीदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्मला दीदी शीघ्र ही भोपाल जोन की सेवाओं में पुनः सक्रिय होंगी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान का दैवी परिवार, सहयोगी एवं स्नेहीजन उपस्थित रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, छात्राओं की बढ़ती सफलता देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी : त्रिपाठी



भोपाल। प्रतिभाओं का सम्मान समाज को नई दिशा देता है। इसी उद्देश्य के साथ कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में होटल नूर-उस-सबा पैलेस में मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान एवं मार्गदर्शन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नरेला क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को आमंत्रित कर ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीजी (एनसीआरबी) एन.के. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके करियर, शिक्षा और भविष्य से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्राओं की बढ़ती संख्या देश की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। आर्थिक कठिनाइयों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में धन शिक्षा के मार्ग में बाधा नहीं बनना चाहिए। मनोज शुक्ला ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक संगठनों और सभी राजनीतिक दलों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में सैयद उस्मान अली, अमित खत्री, दीपक दीवान, ब्रजेन्द्र शुक्ला, आशीष ओझा, अनूप पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग, 12 मई से भोपाल में महाआंदोलन

भोपाल। मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षक (वर्ग-2) और प्राथमिक शिक्षक (वर्ग-3) भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों ने पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर 12 मई से भोपाल में महाआंदोलन की घोषणा की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश में करीब 1.15 लाख शिक्षक पद रिक्त हैं, लेकिन भर्ती में घोषित पद बेहद कम हैं। अभ्यर्थियों ने सरकार से वर्ग-2 में कम से कम 10 हजार और वर्ग-3 में 25 हजार पद घोषित करने तथा द्वितीय काउंसलिंग जल्द शुरू करने की मांग की है। उनका आरोप है कि पिछले छह माह में कई बार प्रदर्शन, भूख हड़ताल और प्रतीकात्मक विरोध के बावजूद सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया।

## »समाचार संक्षेप

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन 4 मई को मंत्रालय के पटेल पार्क में होगा

भोपाल। मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम' एवं राष्ट्र-गान 'जन गण मन' का गायन 4 मई को प्रातः 10:15 बजे किया जाएगा। परंपरा अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का आयोजन मंत्रालय के पटेल पार्क में किया जाता है। 1 से 3 मई तक अवकाश होने के कारण आयोजन 4 मई को होगा।

### अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम टीम से नोंकझोंक हमीदिया और न्यू मार्केट में कार्रवाई



भोपाल। राजधानी में रविवार शाम नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने हमीदिया रोड, रॉयल मार्केट और न्यू मार्केट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान हमीदिया अस्पताल के पिछले गेट के पास अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। अतिक्रमणकारियों ने निगम अमले के साथ नोंकझोंक की और अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान से झूमाझटकी भी की। हालांकि, निगम अमले ने सख्ती दिखाते हुए हमीदिया अस्पताल के आसपास लगे फलों के ठेले हटवा दिए। इसके बाद टीम ने रॉयल मार्केट क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बाद में निगम और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम न्यू मार्केट पहुंची, जहां लाउडस्पीकर के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई। उन्हें तत्काल अपना सामान हटाने के निर्देश दिए गए, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाम के समय भी नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।



### जिले के 475 गांवों में पेयजल संकट गहराया

भोपाल। भीषण गर्मी के बीच भोपाल जिले के 475 गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है। अधूरी नलजल योजनाओं और घटते जलस्तर ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। जिले के 98 हजार से अधिक परिवारों में से 17 हजार 555 परिवार अब भी नल कनेक्शन से वंचित हैं। वर्तमान में 121 नलजल योजनाएं अधूरी हैं, जबकि 86 योजनाएं बंद पड़ी हैं। ऐसे में ग्रामीणों को हैंडपंप और निजी ट्यूबवेलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। जिले के 264 हैंडपंप भी बंद हो चुके हैं। पीएचई अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित गांवों में वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ संकट और गहराने की आशंका है।

## एमपी ट्रांसको ने जुलवानिया सब स्टेशन में ऊर्जीकृत किया 40 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर : तोमर



भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने बड़वानी जिले की ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृता प्रदान करते हुए 220 केवी सब स्टेशन जुलवानिया में 40 एमवीए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से बड़वानी जिले की ट्रांसफार्मेसन कैपेसिटी बढ़कर 2642 एमवीए की हो गई है, वही जुलवानिया सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 423 एमवीए की हो गई है। मंत्री तोमर ने बताया कि जुलवानिया 220 केवी सब स्टेशन में वर्तमान और भविष्य में बढते लोड को देखते हुए 20 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर दुगनी क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इस क्षमता वृद्धि से जुलवानिया से जुड़े हजारों घरेलू, कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होगा अब उन्हें और अधिक गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। छह फीडरों के माध्यम से होती है विद्युत आपूर्ति - एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की 220 केवी सब स्टेशन जुलवानिया से 33 केवी के छह फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है।

इनमें राजपुर, सेंधवा, नागलवाड़ी, मनवाड़ा, जुलवानिया एवं सेगांव शामिल हैं। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी बड़वानी जिले में अपने 9 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिनमें 400 केवी जुलवानिया की क्षमता 1490 एमवीए, 220 केवी के दो सब स्टेशन जुलवानिया 423 एमवीए एवं सेंधवा 223 एमवीए एवं 132 केवी के 6 सब स्टेशन सेंधवा 113 एमवीए, शाहपुरा 40 एमवीए, बड़वानी 123 एमवीए, पानसेमल 90 एमवीए, पाटी 50 एमवीए, अंजड 90 एमवीए की ट्रांसफार्मेशन क्षमता शामिल हैं, जिनकी कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता 2642 एमवीए की है।



भोपाल। पक्षियों के लिए सकोरे, वन मुख्यालय के कर्मचारियों द्वारा वन भवन की प्रांगण में पक्षियों हेतु सकोरे लगाए गए जिससे कि इस भीषण गर्मी में उनका सुलभ पेयजल उपलब्ध हो सके। कर्मचारियों द्वारा पक्षी हेतु दाना पानी का भी इंतजाम किया गया है उद्देश्य यह है कि प्रांगण में पक्षियों की चहचहाहट एवं उनका रहवास स्थापित हो सके। फलदार पौधो रोपण भी किया गया है। (फोटो निर्मल व्यास)

### प्रदेश में 1200 अस्पताल सहायकों की भर्ती, 7 मई से आवेदन

भोपाल। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत अस्पताल सहायक (चतुर्थ श्रेणी) के 1200 पदों पर भर्ती के लिए नियमावली जारी कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 मई से 21 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है। भर्ती परीक्षा 24 जून 2026 से दो पालियों में आयोजित होने की संभावना है। कुल 1200 पदों में अनारक्षित वर्ग के 324, ईडब्ल्यूएस के 120, अनुसूचित जाति के 192, अनुसूचित जनजाति के 240 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 165 पद शामिल हैं।

## बच्चों को बाहर खेलने भेज मां ने लगाई दुपट्टे से फांसी



भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र स्थित आम्र विहार फेस थ्री में महिला ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे पर फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने दोनों बच्चों को खेलने के लिए बाहर भेज दिया था। महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही पति और परिजन के बयान में भी आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है। पुलिस के अनुसार कल्पना कसवे पति सतीष कसवे (30) आम्र विहार फेस-थ्री कोलार में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट गाड़ी चलाता है। शुक्रवार सुबह पति गाड़ी चलाने चला गया। घर पर कल्पना अपने आठ और दस साल के दो बच्चों के साथ घर पर थी। शाम करीब सवा 4 बजे उसने बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया। बच्चे पंद्रह मिनट बाद खेलकर घर लौटे तो उन्होंने मां को फांसी के फंदे पर लटके देखकर रोने लगे। दोनों बच्चों की चीख-पुकार और रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे। उन्होंने बच्चों को समझाने का प्रयास किया और बच्चों से रिश्तेदार का नंबर मांगा। बच्चों से मिले नंबर के आधार पर कोलार में रहने वाली कल्पना की जेठानी को बुलाया गया।

पति बाहर था। वह भी देर रात पहुंच गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन से भी पूछताछ की गई, लेकिन कल्पना की सुसाइड की बात परिजन के भी गले नहीं उतर रही है।

## किसान के खाते से एक लाख रुपए उड़ाए

**गेहूं बेचने के बाद खाते में आए थे एक लाख, छह हजार**



भोपाल। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव रुनाहा में रहने वाले किसान के खाते से अज्ञात जालसाज ने 1 लाख रुपए यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए। किसान को खाते से रुपए निकलने की जानकारी उस समय लगी जब वह पैसे निकालने बैंक पहुंचे। बैंक में पता चला कि उनके खाते में एक लाख छह हजार रुपए थे। केवल छह हजार रुपए ही बचे है। बाकि एक लाख रुपए की रकम यूपीआई के माध्यम से निकाली गई है। किसान ने घटना की शिकायत तत्काल नजीराबाद थाने पहुंचकर की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम रुनाहा निवासी 25 साल के सुनील गुर्जर खेती किसानी करते हैं। उन्होंने अपनी गेहू की फसल सोसायटी में बेची थी। 27 अप्रैल को उन्होंने सोसायटी में बिल लगाया और उनके खाते में एक लाख छह हजार रुपए आ गए। 2 दिन बाद वह रुपए निकालने बैंक पहुंचे तो पता चला कि खाते में केवल छह हजार रुपए बस बचे हैं। किसान बैंक पहुंचे और खाते की जानकारी निकलवाई। इस दौरान पता चला कि उनके खाते में यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपए निकले हैं। किसान का कहना है कि उन्होंने किसी को यूपीआई से पैमेंट नहीं किया है। साथ ही उनके पास कोई लिंक और ओटीपी भी नहीं आया।

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, सिर से गुजरा पहिया मौत




भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अनुष्ठान सोसायटी के सामने शुक्रवार रात बाइक सवार ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए और वाहन का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीपेश श्रीवास्तव (38) पल्लवी नगर शाहपुरा में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। शनिवार रात वह बाइक से घर जा रहा था। अनुष्ठान सोसायटी के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया था। सिर से पहिया गुजरने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि किसी पीले रंग के चार पहिया वाहन ने दीपेश की बाइक को टक्कर मारी है।

## युवक के सिर पर चढ़ा टैंकर का पहिया टुकड़े-टुकड़े हुआ सिर, हाथों से समेटना पड़ा

इंदौर। शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां बाइक से गिरते ही एक युवक के सिर पर पानी के टैंकर का पहिया चढ़ गया। उसके सिर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। सड़क पर बिखरे अवशेषों को बाद में हाथों से समेटना पड़ा। घटना शनिवार रात की है। दो युवक काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। स्पीड ब्रेकर पर अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे प्राइवेट पानी के टैंकर ने एक युवक को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय (25) पिता नारायण सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम लोहारी (जिला धार), हाल निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। उसका साथी रविंद्र ठाकुर भी बाइक पर सवार था। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। वहां मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता अजय नागदा ने शव को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। साथ ही उन्होंने सड़क पर बिखरे अवशेषों को हाथों से समेटकर थैली में रखा। कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि हादसा बिचौली मर्दाना सरकारी स्कूल के सामने हुआ। दोनों पुताई का काम करते थे।

## नीट परीक्षा में दिखी सख्ती, पुतलियों से हुई जांच

**सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया**



इंदौर। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी रविवार को इंदौर के विभिन्न केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त नियमों के बीच आयोजित की गई। इंदौर शहर में करीब 23 हजार विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। पिछले साल की अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन ने बिजली से लेकर यातायात तक के पुख्ता इंतजाम किए थे। सख्त ड्रेस कोड और सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का त्रि-स्तरीय घेरा रहा और नकल रोकने के लिए सख्त नियमों का पूरी तरह पालन कराया गया।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए बेहद सख्त प्रक्रिया अपनाई गई। ड्रेस कोड के नियमों के तहत विद्यार्थियों को केवल हाफ स्लीव टी-शर्ट और चप्पल पहनकर ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। जूतों और पूरी बाजू के कपड़ों पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू रहा। पहचान सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक तकनीक के माध्यम से आंखों की पुतलियों की स्कैनिंग की गई और आधार कार्ड की गहन जांच के बाद ही विद्यार्थियों को उनकी निर्धारित सीट तक जाने दिया गया। केंद्रों पर छात्राओं की ज्वेलरी भी बाहर निकलवाकर रखवाई गई। इसके साथ केंद्रों पर छात्रों को बैठने के लिए शेड भी तैयार किए गए थे। पिछले वर्ष परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर बिजली गुल होने से परीक्षार्थियों की एकाग्रता भंग होने की शिकायतें आई थीं। इस बार किसी भी प्रकार का जोखिम न लेते हुए हर केंद्र पर जनरेटर की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की। इसके साथ ही बिजली विभाग को भी परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए थे।

### बसों के बजाय निजी वाहनों को मिली प्राथमिकता

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से सांबर, सिमरोल, आईआईएम और महू जैसे चार प्रमुख रूटों के लिए एआईसीटीएसएल की विशेष बसें सुबह 8.30 बजे से तैनात की थीं। हालांकि, अधिकांश परीक्षार्थी अपने परिजनों के साथ निजी वाहनों से ही केंद्रों तक पहुंचे, जिसके कारण सरकारी बसें स्टॉप पर ही खड़ी नजर आईं।

### केंद्रों पर सुबह से ही जमा हुए परीक्षार्थी

परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होनी थी और रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे निर्धारित था, लेकिन परीक्षा के तनाव और समय को लेकर हुई गफलत के कारण कई विद्यार्थी सुबह 9 बजे ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। तेज धूप होने के बावजूद परीक्षार्थी और उनके अभिभावक केंद्रों के बाहर डटे रहे। दोपहर 1.30 बजे के बाद केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। शाम 5 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र अपने घरों के लिए रवाना हुए।

# अहिरवार समाज संघ भारत वर्ष के पदाधिकारी पहुंचे दमोह जिले के ग्राम बिजौरी पाठक

## पीड़ित परिवार को प्रशासन एवं पुलिस से सहायता प्रदान कराने किया आश्वस्त



सागर। अहिरवार समाज संघ भारत वर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी के निर्देशानुसार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम एल वर्मा,संभागीय अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एस सी मेसन, कार्यवाहक संभागीय अध्यक्ष आर पी रोहित, संभागीय उपाध्यक्ष दयाराम मेसन, चेतुलाल अहिरवार हीरापुर,सागर शहर अध्यक्ष गजेंद्र अहिरवार,पूर्व संभागीय महासचिव राकेश अहिरवाल, बीना ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल अहिरवार,हटा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र अहिरवार सहित अन्य सदस्यों ने दमोह जिले के ग्राम बिजौरी पाठक पहुंचकर पीड़ित परिवार गोलू अहिरवार एवं उनके परिवार के सदस्यगण से मिलकर उनको प्रशासन एवं पुलिस से सहायता प्रदान कराने हेतु आश्वस्त किया गया। विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एस सी मेसन द्वारा पीड़ित परिवार को कानूनी सलाह दी गई एवं उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा पीड़ित गोलू अहिरवार को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर गोलू अहिरवार के परिवार के सभी सदस्यों को अहिरवार समाज संघ भारत वर्ष द्वारा हरसंभव मदद करने हेतु आश्वस्त किया।

# धामोनी मस्जिद का ताला खुलावनें दरगाह कमेटी अध्यक्ष नें पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय निदेशक को सौंपा ज्ञापन



सागर। सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक धामोनी वालें बाबा की दरगाह इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने पुरातत्व विभाग मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर ग्राम इस्हाकपुरा ( धामोनी ) तहसील बण्डा जिला सागर के होने वालें सालाना उर्स को दृष्टिगत रखते हुए दरगाह परिसर स्थित 900 साल पुरानी धामोनी मस्जिद का ताला खुलवाने की मांग की हैं।दरगाह इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने ताला खुलवाने को लेकर पुरातत्व विभाग को लिखे पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि ग्राम इस्हाकपुरा ( धामोनी ) तहसील बण्डा जिला सागर में सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक धामोनी वालें बाबा की दरगाह परिसर में मस्जिद का निर्माण 900 साल पूर्व हिजरी सन 1085 ( 1676 ईस्वी ) में हुआ था तब से लेकर अब तक मुस्लिम धर्मावलंबी उक्त मस्जिद में पांच टाईम की नमाज पढ़ते आ रहे हैं।विगत दिनांक 10 सितंबर 2024 को पुरातत्व विभाग उप मण्डल सागर के अमलें के द्वारा किसी भी सक्षम प्राधिकारी के बिना आदेश के धामोनी मस्जिद में ताला डाल दिया गया हैं जिससे मुस्लिम धर्मावलंबी मस्जिद में नमाज नहीं पढ़ पा रहे हैं।उक्त वर्षो पुरानी मस्जिद में ताला डालने से समूची मुस्लिम समाज में भयंकर रोष व्याप्त है।दरगाह इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने सौंपे ज्ञापन में आगे कहा हैं कि प्रति वर्षो अनुसार इस वर्ष भी धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 08 मई से 10 मई 2026 तक क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लम्बरदार की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।बाबा के उर्स में मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के लाखों की संख्या में बाबा के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## शनिवार से लापता किसान को शव रविवार सुबह खेतों में मिला



खुरई।शनिवार से लापता मढ़ना गांव निवासी किसान का शव खेतों में पड़ा मिला। मृतक किसान के परिजन राघवेंद्र सिंह ने बताया कि हाकम सिंह पिता शिवराज सिंह (40) निवासी मढ़ना,थाना खिमलासा जो शनिवार की देर शाम को घर से निकले थे।जब रात को घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई।सभी जगहों पर उनको तलाशा गया लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल रहा था।रविवार को जानकारी मिली कि खेत में वह पड़े हुए हैं।जब जाकर देखा तो जहां वह पड़े हुए थे।वहीं पास में सल्फास की डिब्बी भी रखी हुई थी।परिजन उन्हें खुरई सिविल अस्पताल ले गये।जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी शहरी पुलिस को दी।पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम कराया।

पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही मृतक हाकम सिंह की भतीजी की शादी थी, वह काफी खुश थे। शनिवार की दोपहर को वह कुछ रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए स्टेशन भी गए हुए थे।उन्हें ऐसी कोई भी परेशानी नहीं थी कि वह इतना बड़ा कदम उठाएंगे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## बसाहारी खरीदी केंद्र पर पैसे लेकर किसानों का अनाज पास करने का मामला आया सामने

खुरई।इन दिनों वारदाना न होने या सर्वर खराब होने के कारण किसानों के अनाज की तुलाई नहीं हो पा रही है।जिससे किसान परेशान है।इसके अलावा बिना पैसे दिये अनाज पास नहीं किया जा रहा है।पिछले कुछ दिनों से एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें अनाज पास करने के लिये किसान से पैसे लेते सर्वेयर का सहयोगी दिखाई दे रहा है। मामला बसाहारी गांव के खरीदी केंद्र का बताया जा रहा है। जिसमें एक सर्वेयर का सहयोगी किसान से उसका अनाज पास करने के लिये प्रति क्विंटल 100 रुपये लेता दिखाई दे रहा है। परेशान किसान ने स्वयं ये वीडियो बनवाया है।पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि यह वीडियो तीन दिन पुराना है जिसमें लाल शर्ट पहने किसान को अपना अनाज तुलवाने के लिये सर्वेयर को 100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब देना पड़ रहा है।वीडियो में दिख रहे किसान से संपर्क करने पर किसान राम सिंह लोधी ने बताया कि वे बिहरना पंचायत से उप सरपंच हैं। उन्हें शिकायतें मिली थी कि बसाहारी केंद्र पर तुलाई के बदले पैसे लिये जा रहे हैं तो उन्होंने इसके परीक्षण के लिये स्वयं का 8 क्विंटल अनाज तुलवाया। सर्वेयर के सहयोगी ने 8 क्विंटल के 8 सौ रुपये लेकर ही तुलाई कराई। लेकिन जैसे ही उसे पता चला कि किसान उप सरपंच हैं तो वह डर के कारण घर जाकर उनके पैसे वापिस कर आया।इस संबंध में एसडीएम मनोज चौरसिया से बात करने पर बताया कि इसकी जांच करके कार्यवाई की जायेगी।



## भारतीय जैन संघटना,कटरा चैप्टर की अध्यक्ष बनी आत्म ज्योति जैन



सागर।भारतीय जैन संगठन कटरा चैप्टर की साधारण सभा की मीटिंग का आयोजन सागर जिले के ईशरवारा (जयोदय तीर्थ क्षेत्र) में किया गया। सभी बहनों ने अतिशय क्षेत्र में विराजमान श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।बीजेएस संस्थापक अध्यक्ष रेखा जैन अहिंसा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से वर्ष 26/ 27 के लिए श्रीमती आत्म ज्योति को अध्यक्ष, श्रीमती रितु डी के जैन को कार्याध्यक्ष, सचिव श्रीमती सीमा जैन महावीर, कोषाध्यक्ष मीना खमकुंआ और संयुक्त सचिव रिया खमकुंआ के पद पर मनोनीत किया गया।श्रीमती ऊषा जैन (वरिष्ठ अधिवक्ता) संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई।इस अवसर पर कल्पना जैन, संगीता,श्रेया,समता, एकता, शिल्पी,आस्धा, सुनीता, सपना, तिथि आदि बहनें उपस्थित थी।

## अनुराग सुजानिया होगे सागर पुलिस अधीक्षक

सागर।सागर के नए पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया होंगे। 2014 बैच के आईपीएस अधिकारीअनुराग सुजानिया 12 वर्ष पूर्व सुरखी थाना के प्रभारी रह चुके हैं।सागर जिला के सुरखी थाना में उनकी पहली पोस्टिंग हुई थी।पूर्व में टीकमगढ़ और मुरैना में एसपी रह चुके हैं।

## नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न

सागर।नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई ।नीट यूजी परीक्षा निर्देशों के अनुसार पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई जिसमें कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई थी एवं अलग-अलग केंद्रों पर राजस्व अधिकारियों की तैनाती की गई थी।परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को निर्देशों के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित कराया गया।नीट यूजी परीक्षा में सागर जिले के पांच परीक्षा केंद्र पर 2733 परीक्षार्थी उपस्थित होना थे, जिसमें से 2655 परीक्षार्थी उपस्थित हुए एवं 78 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस प्रकार परीक्षा में 97.14 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## खरीद केंद्रों पर किसानों के साथ बेईमानी कर रही है भाजपा सरकार: भूपेंद्र मुहासा

### खरीद केंद्र बने किसानों से रिश्वत लेने का अड्डा: मुहासा

सागर।जिला कांग्रेस कमेटी सागर (ग्रामीण) के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह मुहासा ने खरीद केंद्रों पर किसानों के साथ हो रही रिश्वतखोरी पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि किसान अपनी मेहनत के बल पर जमीन का सीना चीरकर फसल उगाता है, लेकिन जब वह अपनी उपज लेकर खरीद केंद्रों और मंडियों में पहुंचता है, तो वहां भाजपा के दलालों द्वारा रिश्वत का गंदा खेल खेला जाता है।



उन्होंने कहा कि यह सब प्रदेश के खाद्य मंत्री के गृह जिले सहित पूरे प्रदेश में खुलेआम चल रहा है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव इन परिस्थितियों से अवगत होने के बावजूद मौन हैं, जो इस बात का संकेत है कि भ्रष्टाचार को संरक्षण मिल रहा है।

मुहासा ने स्पष्ट किया कि वे स्वयं जिले की विभिन्न मंडियों और खरीद केंद्रों का दौरा कर किसानों की समस्याओं को सीधे समझेंगे और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तर पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

इसी क्रम में आज जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉक स्तर पर किसानों की समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

साथ ही, 4 मई को दोपहर 1 बजे जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय, पद्माकर नगर में सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है, जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।यह बैठक नवनियुक्त प्रभारी राहुल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न होगी।

**अध्यक्ष रिशांक तिवारी की अगुवाई में युवाओं ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी**

# गोपालगंज मुक्तिधाम में संकल्प फाउंडेशन का व्यापक स्वच्छता अभियान



सागर।समाज में स्वच्छता और जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से संकल्प फाउंडेशन द्वारा गोपालगंज स्थित मुक्तिधाम परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष रिशांक तिवारी की अगुवाई में आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमदान करते हुए पूरे परिसर की साफ-सफाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते कुछ दिनों से मुक्तिधाम परिसर में फैली गंदगी को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। अंतिम संस्कार जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्य के लिए आने वाले लोगों को गंदगी और अव्यवस्था के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। इसी संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा संकल्प फाउंडेशन को इसकी सूचना दी गई तथा समस्या के समाधान हेतु सहयोग की बात रखी गई।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए संकल्प फाउंडेशन ने इसे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया और त्वरित पहल करते हुए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम परिसर में फैले कचरे को हटाया, झाड़ू लगाकर व्यापक सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप देने का प्रयास किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रिशांक तिवारी ने कहा मुक्तिधाम केवल एक स्थान नहीं बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा है। यहां की स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल प्रशासन के भरोसे रहना पर्याप्त नहीं है।

### मकान गणना के लिए 5326 प्रगणक और 929 सुपरवाइजर किए गए हैं तैनात

# जनगणना के तहत मकान गणना के लिए 30 मई तक घर-घर जाएंगे प्रगणक



सागर। जनगणना महाअभियान के तहत मकान गणना का कार्य एक मई से शुरू हो गया है। यह 30 मई तक चलेगा, जिसमें जिले के अधिकारी, कर्मचारी जिलेवासियों के समक्ष पहुंचकर मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। सभी जिलेवासी अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग कर जनगणना के अंतर्गत मकानगणना में सहयोग करें और महाअभियान को सफल बनाएं। उक्त अपील कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिलेवासियों से की है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आगामी एक मई से 30 मई तक जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही और सटीक जानकारी देकर आप देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, साथ ही सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिले में 5327 प्रगणक जिसमे 4827 ऑन ड्यूटी एवं 499 रिजर्व एवं 830 ऑन ड्यूटी एवं 99 रिजर्व सुपरवाइजर मकानगणना का कार्य करेंगे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा।

जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी, इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है, तो सावधान रहें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जानकारी देने से पहले अधिकारी/कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत सरकारी कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## गहोई वैश्य समाज - सम्मेलन में 6 जोड़े दाम्पत्य जीवन में बंधे



सागर।श्री गहोई वैश्य समाज सागर द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 6 जोड़ा विवाह बंधन में बंधे। अध्यक्ष सुरेंद्र सुहाने ने बताया कि 42 साल बाद समाज में समरसता बढ़ाने के लिए सामूहिक विवाह समारोह एतिहासिक रहा है।इसमें वर गहोई समाज के साथ वधू अन्य समाज से स्वीकार की गई। विवाह समिति के संयोजक मनोज डेंगरे ने बताया कि सभी वर-वधू के लिए समाज के दानवीरों ने उपहार प्रदान किए।विवाह की रस्में सुबह से शुरू हुई, मंच पर जयमाला कार्यक्रम किया गया, बाद में मंडप में पंडितजी द्वारा वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराएं गए। प्रचार-प्रसार समिति संयोजक शरद गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में राजीव गुप्ता आकाझिरी - रजनी गुप्ता भौंती शिवपुरी, विकास गुप्ता बदरखा (शिवपुरी) - शोभा कटहरी, विवेक सिपोलया रहली- स्वाती रहली, अभिषेक कुचया कटनी - शालू, आकाश गुप्ता दतिया - सपना राहतगढ़, अनुराग रूसिया सागर - कंचन विवाह बंधन में बंधे।विवाह समारोह में गहोई वैश्य समाज के संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया, ओमप्रकाश रूसिया, संचालक मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने, उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र चउदा, सचिव डॉ संजीव कठल, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सुहाने अगरबत्ती, सह सचिव सचिन सिपोलिया, निकेश गुप्ता, राजेन्द्र कुरेले, सुधीर झुड़ेले, रमेश इटोरिया, महेश इटोरिया,, प्रद्युम्न छिरोलिया, आशीष ददरया, अटल सरावगी, अनिल चौदहा, मुकेश डेंगरे, आनंद कठल, उपेन्द्र सेठ, विकास गुप्ता, सत्यनारायण डेंगरे, उमाशंकर खरया, वीरेंद्र सुहाने ठेकेदार, प्रदीप गुप्ता, ब्रिजेंद्र नगरिया, संतोष सुहाने, संजय कठल, गोपाल झुडेले, अवधेश बिलैया, उपेन्द्र सेठ, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सर्जिन चंदन सुहाने आदि ने सक्रियता से भाग लिया।

## सागर जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी राहुल शर्मा का प्रथम आगमन 4 मई को

सागर।सागर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी श्री राहुल शर्मा का प्रथम आगमन 4 मई को सागर जिले में हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहुल शर्मा ग्वालियर से प्रात: 7 बजे प्रस्थान कर मालथौन, बंडरी एवं पटकुई होते हुए दोपहर लगभग 12:30 बजे मकरोनिया स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे।कार्यालय पहुंचने के पश्चात दोपहर 1 बजे वे सभी वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ-साथ किसानों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा तथा आगामी रणनीति तय की जाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) द्वारा सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया।

# लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

## आमजन से सावधानी बरतने की अपील

सागर। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एवं बढ़ती गर्मी के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'हीट वेव' (लू) से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है।बताया गया है कि तेज गर्म हवाओं का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, कमजोरी, बेहोशी एवं शरीर में ऐंठन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। लू के लक्षण - सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्याधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना इत्यादि ।

ध्यान रखें %लू के लक्षण होतो व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटायें, व्यक्ति के कपड़े ढ़ीले करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें, तापमान घटाने के लिये ठंडे पानी की पट्टियां रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र लें जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें ।

### क्या करे

पर्याप्त पानी पिये भले ही आपको प्यास न लगी हो ।, यात्रा करते समय पीने का पानी साथ रखे।, पानी, छाछ, ओ.आर.एस का घोल या घर में बनें पेय पदार्थ जैसे- लस्सी, नीबू पानी, आम का पना, इत्यादि का सेवन करें।, सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी कपड़ा/छतरी का उपयोग करें, उच्च जल सामग्री बाले मौसमी फल और सब्जिया खायें जैसे तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, ककडी सलाद पत्ता। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें ।

### क्या न करें

धूप में खाली पेट न निकलें, पानी हमेशा साथ में रखें, शरीर में पानी की कमी न होने दें।मिर्च मसाले युक्त एवं वासा या रात का बचा हुआ भोजन न करें ।बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें, कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम से न निकलें ।, दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक धूप में बाहर निकले से बचे।नंगे पैर बाहर न जाये।भीड़-भाड़ बाली जगह पर लू का खतरा बड जाता हैं, भले ही लू की कोई अधिकारिक चेतावनी न हो।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर के द्वारा समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि अपनी अपनी संस्था में उपचार एवं व्यवस्था बनाये रखें अपने अधीनस्थ स्टॉफ को रोकथाम एवं सावधानियों का प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित करें ।

आमजन से अपील हैं कि अधिक तापमान होने के कारण विशेष कर शिशुओं तथा बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरुष, मानसिक रोगियों तथा रक्तचाप वाले मरीजों का विशेष ध्यान रखें, घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी/कपड़ा/छतरी/गमछा का उपयोग करें, भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकले, पानी हमेशा साथ में रखें, शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## जिले के स्कूलों में 1 मई से समर कैंप शुरू, खेल-कला गतिविधियों से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास

सागर।कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 1 मई से समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ है।इस पहल का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है जिसमें उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न रचनात्मक और खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है।समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट, रचनात्मक गतिविधियां एवं कौशल विकास से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।समर कैंप का समय प्रतिदिन सुबह 7-00 बजे से 9-00 बजे तक रखा गया है, ताकि बच्चे गर्मी से बचते हुए सहज वातावरण में भाग ले सकें।जिन विद्यार्थियों ने अभी तक समर कैंप के लिए पंजीयन नहीं कराया है, वे शीघ्र ही अपने संबंधित विद्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं और इस उपयोगी पहल का लाभ उठाएं।उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को समर कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

## फटाफट खबरें

### हत्या मामले में कांग्रेस विधायक की सदस्यता रद्द

बेंगलुरु(ईएमएस)। कर्नाटक में भाजपा नेता योगेश गौड़ा की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। कर्नाटक विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, कुलकर्णी की सदस्यता 15 अप्रैल 2024 से समाप्त मानी गई है, जिस दिन विशेष अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया था। यह कार्रवाई भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191(1) (ई) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत की गई है।

### गायक फाजिलपुरिया के मैनेजर के घर पर फायरिंग

गुरुग्राम,(ईएमएस)। सेक्टर 40 थाना क्षेत्र के कन्हई गांव में शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने गायक राहुल फाजिलपुरिया के मैनेजर के घर के बाहर फायरिंग की। यहां चार राउंड फायरिंग की गई। इसमें एक गोली घर के बाहर सुरक्षा में तैनात सिपाही को लगी। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ-साथ अपराध शाखा और फॉरेंसिक की टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सौरभ यादव को पहले ही दीपक नांदल गैंग की तरफ से धमकी मिली थी। उसे काफी समय से विदेशी नंबर से वॉट्सएप कॉल आ रहे थे। सौरभ पहले राहुल फाजिलपुरिया के मैनेजर थे और उसके सबसे ज्यादा करीबी भी रहे हैं।

### पूर्व कांग्रेस विधायक बाबूलाल बैरवा का निधन

जयपुर,(ईएमएस)। राजस्थान के कठूमर से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बाबूलाल बैरवा का रविवार को निधन हो गया। उनका जयपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा था। बाबूलाल बैरवा के निधन पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने शोक व्यक्त किया है। जानकारी के मुताबिक बाबूलाल बैरवा करीब 10 दिनों से बीमार थे। उन्हें बीपी, शुगर और अस्थमा की बीमारी थी। जयपुर में इलाज के दौरान उन्होंने तड़के करीब 3 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन से कठूमर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें बाबूलाल बैरवा अलवर की कठूमर विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे। उन्होंने 1980 में पहली बार चुनाव जीता था।

### गीता हत्याकांड खुला राज, प्रेमिका गिरफ्तार

बरेली,(ईएमएस)। यूपी के बरेली में सामने आया गीता यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी पति के बाद अब उसकी प्रेमिका को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना थाना सुभाषनगर क्षेत्र की है, जहां 22 अप्रैल को एक महिला की हत्या कर दी गई थी। मृतका की पहचान गीता यादव के रूप में हुई थी। शुरुआती जांच में ही शक की सुई उसके पति भारत सिंह यादव की ओर घूम गई, जो भारतीय सेना में पदस्थ हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि भारत सिंह यादव ने ही अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया था।

### बंगाल की खाड़ी में चीन का जहाज 'शी यान 6' दाखिल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जासूसी की अपनी पुरानी फितरत को दोहराते हुए चीन ने एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बीजिंग का अत्याधुनिक रिसर्च वेसल और जासूसी जहाज 'शी यान 6' भारतीय समुद्री सीमा के करीब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में दाखिल हो चुका है। सैटेलाइट इमेजरी और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए नक्शों से इस बात की पुष्टि हुई है कि मालदीव के माले में ईंधन और रसद भरने के बाद यह जहाज अब सीधे भारत के रणनीतिक 'बैकयार्ड' की टोह लेने के मिशन पर निकल पड़ा है। यह जहाज मार्च 2025 में हिंद महासागर क्षेत्र में दाखिल हुआ था और तब से लगातार भारत की समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहा है। 'शी यान 6' का यह मिशन केवल वैज्ञानिक शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के 'ग्रेटर निकोबार प्रोजेक्ट' के लिए एक बड़ा खतरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन का यह 'साइलेंट किलर' जहाज चार प्रमुख तरीकों से भारत की सुरक्षा में सेंध लगा सकता है। सबसे बड़ा खतरा समुद्री सतह के नीचे का डेटा चोरी करना है, जो भविष्य में चीनी पनडुब्बियों के लिए गुप्त रास्ते बनाने में मदद कर सकता है।

---

दिल्ली में तड़के सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग, दर्दनाक हादसा

# एसी फटने से 9 की मौत

» सीएम रेखा ने जताया दुख तो आप ने राजधानी के लिए शर्मनाक बताया



नई दिल्ली,(ईएमएस)। पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाके विवेक विहार में रविवार तड़के एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में एसी फटने से भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। आग की सूचना सुबह 3:47 बजे मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं, जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह लगभग 03:48 बजे विवेक विहार थाने को विवेक विहार फेज-1 के मकान नंबर बी-13 में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस,एसएचओ और एसीपी विवेक विहार के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

दमकल विभाग और क्राइम टीम भी मौके पर जुट गईं। बिल्डिंग की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित छह फ्लैट आग की चपेट में आ गए थे। आग बुझाने और बचाव कार्यों के दौरान इमारत से 10 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें इलाज के लिए पास के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों के साथ ही आपदा प्रबंधन दल, स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस कर्मी घटनास्थल पर मौजूद रहे। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग मंजिलों से 9 जले हुए शव बरामद किए गए हैं। इनमें पहली मंजिल से 1 शव, दूसरी मंजिल से 5 शव और मुमटी सीढ़ियों के पास से 3 शव मिले हैं।

इन शवों को पुलिस की क्राइम टीम को सौंप दिया गया है। सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, क्योंकि आशंका है कि कुछ और लोग फंसे हो सकते हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा भी घटनास्थल पर पहुंचे।

### सीएम रेखा गुप्ता ने दुख जताया



दिल्ली अग्निकांड पर सीएम रेखा गुप्ता ने दुख जताया है। सीएम गुप्ता ने एक्स पर लिखा- 'विवेक विहार की एक इमारत में लगी आग की घटना अत्यंत दुखद है। इस हादसे में 9 लोगों की मृत्यु से मन व्यथित है। हादसे में घायल लोगों का अस्पताल किया जा रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन, दिल्ली फ़ायर सर्विस और दिल्ली पुलिस के सभी आला अधिकारी राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### राजधानी के लिए शर्म की बात: भारद्वाज



आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- राजधानी के लिए शर्म की बात! दिल्ली के विवेक विहार में आग लगने की एक और घटना सामने आई है, इस आग में 'नौ' लोग जिंदा जल गए। एक तरफ जहां सीएम रेखा गुप्ता कई तरह के एडिट्स वाली रील्स बनाने में व्यस्त हैं, वहीं ऐसा लगता है कि उन्होंने दिल्ली में पहले हुई आग की घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखा है। सरकार की असंवेदनशीलता उनके शासन के हर पहलू में साफ दिखाई देती है।

### अनदेखी के चलते पुल हादसे में गई तीन मजदूरों की जान

जम्मू(ईएमएस)। जम्मू के ठठर में पुल निर्माण के दौरान हुआ हादसा कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों को ताक पर रखने का सीधा नतीजा है। ग्राउंड जीरो पर मौजूद स्थितियां स्पष्ट गवाही दे रही हैं कि निर्माण कार्य के दौरान भारी लापरवाही बरती गई। नियमों को दरकिनार कर मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा किट, हेलमेट या जूतों के गीली मिट्टी में काम पर उतार दिया गया। नियमों के अनुसार, किसी भी निर्माण या खुदाई वाली साइट पर मजदूरों के लिए हेलमेट, रिफ्लेक्टर जैकेट और ऊंचे गमबूट अनिवार्य होते हैं। लेकिन ठठर में मलबे से निकाले गए मजदूरों के बदन पर न तो सुरक्षा उपकरण थे और न ही पैरों में जूते। जानकारों का मानना है कि यदि मजदूरों के पास उचित जूते और उपकरण होते, तो धंसती मिट्टी के बीच उन्हें संभलने या बाहर निकलने में मदद मिल सकती थी। लोक निर्माण विभाग ने इस काम का ठेका एक निजी ठेकेदार को दिया था।

---

बिश्नोई गैंग की धमकी, समय बर्बाद न करें लाइन में आ जाए, शर्तें नहीं मानी तो...

# कपिल शर्मा के कैफे के पास रेस्टोरेंट में फिर गोलीबारी



ओटावा,(ईएमएस)। कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा में स्थित कैप्स कैफे के पास एक रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की घटना हुई। सोशल मीडिया पर वायरल दावों के मुताबिक इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है और कपिल शर्मा को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर 'टायसन बिश्नोई जोरा सिद्धू' नामक फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हो रहा है।

इस पोस्ट में दावा किया गया है कि गोलीबारी सरे के चाय सुट्टा बार पर की गई, जो कपिल शर्मा के कैफे के बगल में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिश्नोई गैंग ने इस पोस्ट के जरिए कपिल शर्मा और कैफे मालिक को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे उनका समय बर्बाद न करें और लाइन में आ जाएं। पोस्ट में आगे यह भी संकेत दिया कि यदि वे उनकी शर्तों को नहीं मानते हैं, तो कपिल शर्मा के कैफे और मुंबई स्थित उनके घर को भी इसी तरह के अंजाम भुगतने पड़ सकते हैं। इन सोशल मीडिया दावों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कपिल शर्मा के कैफे को निशाना बनाए जाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। साल 2025 में उनके कैफे पर हमलों का एक स्पष्ट पैटर्न देखा गया था।

### चंडीगढ़ में चली आंधी-तूफान, घरेलू उड़ानों पर पड़ा असर

चंडीगढ़,(ईएमएस)। अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश ने चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। इसका सीधा असर चंडीगढ़ इंटरनेशनल एअरपोर्ट की उड़ानों पर पड़ा, जहां कई घरेलू उड़ानों को देर से रवाना होना पड़ा। जानकारी के मुताबिक सुबह 7:50 बजे हैदराबाद के लिए रवाना होने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-1862 को मौसम की खराब स्थिति के कारण करीब एक घंटे देरी यानी 9:02 बजे चंडीगढ़ एअरपोर्ट से उड़ान भर सकी।

---

## फारूक अब्दुल्ला ने कहा- कश्मीरी पंडितों के बगैर अधूरा है जेएंडके



श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में शांति, भाईचारे और सुरक्षा को लेकर दो महत्वपूर्ण स्वर उभरे हैं। एक ओर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों की घर वापसी की वकालत करते हुए घाटी के पुराने स्वरूप को बहाल करने पर जोर दिया है, वहीं दूसरी ओर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नशे के कारोबार और आतंकवाद के गठजोड़ को खत्म करने के लिए निर्णायक युद्ध का शंखनाद किया है। एक पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर सभी समुदायों का साझा घर है और पंडितों के बिना यह अधूरा है। उन्होंने 1990 के दशक में हुए पलायन को क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा मानवीय और सांस्कृतिक नुकसान बताया। अब्दुल्ला ने भावुक होते हुए कहा, मैं अल्लाह से दुआ करता हूं कि जो लोग यहां से चले गए।

### दादी ने पैदल पूरी की केदारनाथ की दुर्गम यात्रा

केदारनाथ,(ईएमएस)। देवभूमि उत्तराखंड के ऊंचे पहाड़ों और दुर्गम रास्तों के बीच स्थित केदारनाथ धाम की यात्रा अच्छे-अच्छों के पसीने छुड़ा देती है, लेकिन महाराष्ट्र की एक 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने जो कर दिखाया है, उसने आस्था और संकल्प की एक नई परिभाषा लिख दी है। अपनी उम्र को महज एक आंकड़ा साबित करते हुए इन 'आजी' (दादी) ने केदारनाथ मंदिर तक की बेहद कठिन और खड़ी चढ़ाई को बिना किसी पालकी, घोड़े या अन्य सहायता के केवल अपने पैरों के दम पर पूरा किया। समुद्र तल से लगभग 11,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम तक पहुंचने के लिए करीब 22 किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करना पड़ता है।

## चेहरा बदलने से सरकार का चरित्र नहीं बदलेगा

» डिप्टी सीएम बोले- मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं, जेडीयू का 'ट्रिपल सी' पर फोकस

नीतीश की तर्ज पर चलेगा बिहार




पटना,(ईएमएस)। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। चुनाव से पहले '25 से 30 फिर से नीतीश' का नारा दिया गया था। अगले पांच साल बिहार उसी तर्ज पर चलेगा, जैसा नीतीश कुमार चाहते हैं नीतीश के मन मुताबिक ही बीजेपी ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया है। सम्राट चौधरी का बैकग्राउंड भी बीजेपी वाला नहीं है।

पटना से चंपारण तक अचानक प्रेसवार्ता कर ताबड़तोड़ 'सुरक्षा' वाली गारंटी दी। सियासी गलियारे में सवाल पूछे जा रहे हैं कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो प्रेस के जरिए गारंटी दी जाने लगी है। राजनीतिक संशयों के बीच उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा और विकास का भरोसा दिलाया। उन्होंने साफ किया कि सत्ता का शीर्ष चेहरा बदलने से सरकार का चरित्र नहीं बदलेगा। पटना जेडीयू प्रदेश कार्यालय में मीडिया से मुखातिब विजय चौधरी ने कहा कि भले ही कमान सम्राट चौधरी के हाथों में है, लेकिन सरकार का एजेंडा वही रहेगा जो नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में स्थापित किया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी के नाम का डर दिखाकर अल्पसंख्यकों को गुमराह करना अब संभव नहीं है। विजय चौधरी ने जोर देकर कहा कि चुनाव से पहले दिया गया '25 से 30 फिर से नीतीश' का नारा सरकार के लिए प्रतिबद्धता है।

### हाईकोर्ट ने सेना प्रमुख द्विवेदी व रक्षा सचिव सिंह पर लगाया जुर्माना

चंडीगढ़,(ईएमएस)। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड मेजर की पेंशन के मामले में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि यह रकम दोनों की सैलरी से काटकर याचिकाकर्ता को दी जाए। रिपोर्ट के मुताबिक सेवा के दौरान ही मेजर को 24 सर्जरी करवानी पड़ी थी। इसके अलावा उनकी किडनी डैमेज हो गई थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुणे के रहने वाले मेजर राजदीप दिनकर पांडेर साल 2012 में भारतीय सेना में कमीशन हुए थे। उस समय वह फिट थे। उन्हें लद्दाख में ऊंचाई वाले इलाके में पोस्टिंग दी गई। सेवा के पांच साल के बाद वह बहुत बीमार हो गए।

---

## दिल्ली से बिहार तक झमाझम बारिश का अलर्ट

### मई की गर्मी पर पश्चिमी विक्षोभ दे रहा राहत



नई दिल्ली,(ईएमएस)। मई के महीने में जहां चिलचिलाती धूप और लू (लू) लोगों को बेहाल कर देती थी, वहीं इस साल मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के बड़े हिस्से में मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों तक देश के कई राज्यों में बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे तापमान सामान्य से काफी कम रहने की उम्मीद है।

### बेमौसम बारिश से बड़े नुकसान की आशंका कम

राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और पंजाब में मौसम विभाग ने 3 और 4 मई को तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान जताया है। दिल्ली में विशेष रूप से 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है, जहां 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। राहत की बात यह है कि रबी की फसल कटकर किसानों के घरों तक पहुंच चुकी है, बेमौसम बारिश से बड़े नुकसान की आशंका कम है। पहाड़ी राज्यों में मौसम का असर और भी अधिक देखा जा रहा है। उत्तराखंड के नैनीताल, चंपावत, देहरादून और टिहरी जैसे जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।

### प्रसून जोशी बने प्रसार भारती के अध्यक्ष, वैष्णव ने दी बधाई

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भारत के 'सार्वजनिक सेवा प्रसारक' प्रसार भारती का अध्यक्ष मशहूर गीतकार प्रसून जोशी को नियुक्त किया है। प्रसून जोशी साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और सार्वजनिक संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान देने वाले एक प्रतिष्ठित रचनात्मक पेशेवर हैं। अपने प्रभावशाली लेखन और गहरी सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए जाने जाने वाले प्रसून जोशी ने समकालीन भारतीय मीडिया की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई है। उनके कार्यों में प्रशंसित फिल्म गीत, विज्ञापन अभियान और सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियां शामिल हैं जो देशभर के विविध दर्शकों से जुड़ती हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में प्रसून जोशी की नियुक्ति पर बधाई।



पोलैंड की राजधानी वारस में विस्टुला नदी के तट पर तस्वीरें लेते हुए। ये लोग यहां घूम फिर कर मई माह में मिलने वाले छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। -फोटो-ईएमएस

---

## क्रूज हादसा: चौथे दिन मिले चाचा-भतीजे के शव, अब मरने वालों की संख्या हुई 13



जबलपुर,(ईएमएस)। जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में रविवार सुबह कामराज आर का शव निकाला गया। इससे पहले सुबह करीब 6 बजे उनके 8 साल के भतीजे मयूरन की डेडबॉडी मिली थी। वह त्रिची (तमिलनाडु) से आया था। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले शनिवार शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें से एक की पहचान श्रीतमिल पिता कामराज (5) और विराज पिता कृष्ण सोनी (5) के रूप में हुई थी। हादसे के पहले दिन 4 शव, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और चौथे दिन दो शव मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि एहतियात के तौर पर आज दिनभर सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा। बता दें 30 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे मप्र टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। उसमें करीब 47 पर्यटक सवार थे, जबकि टिकट सिर्फ 29 लोगों की ही कटी थी। हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ था। उस वक्त हवा की रफ्तार करीब 74 किमी/घंटा थी। बरगी क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के पर्यटकों के शव उनके गृह राज्य भेजे गए।

लाल सागर से गुजर रहे जहाजों पर खतरा, 10 दिन में दूसरी घटना

## समुद्री डाकुओं ने तेल टैंकर को किया हाईजैक



वॉशिंगटन, (ईएमएस)। अमेरिका-ईरान के तनाव के चलते होर्मुज बंद है। वहीं जो जहाज लाल सागर से गुजर रहे हैं उनके ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है। यमन के तट के पास एक बार फिर समुद्री लुटेरों का खतरा बढ़ता दिख रहा है। सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने एक तेल टैंकर को हाईजैक कर लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स पर चिंता बढ़ गई है। यह तब हुआ है जब अमेरिकी नेवी अरब सागर में मौजूद है।

सोमाली सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक 'एमटी यूरेका' नाम के इस टैंकर को गल्फ ऑफ अदन में हथियारबंद लोगों ने कब्जे में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समय के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे हुआ। टैंकर टोगो के झंडे के तहत चल रहा था और यमन के काना पोर्ट के पास समुद्री लुटेरों ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि हमलावर सोमालिया के पुंटलैंड क्षेत्र के क़ंदाला इलाके से निकले थे और सीधे जहाज पर चढ़कर उसे अपने नियंत्रण में ले लिया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक हाईजैक के बाद टैंकर अब यमन और सोमालिया के बीच गल्फ ऑफ अदन में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही सोमालियाई जलक्षेत्र में लंगर डाल सकता है।

### » समुद्री लुटेरों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं

इस घटना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पिछले 10 दिनों में दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 22 अप्रैल को ऑनर 25 नाम के एक और तेल टैंकर को सोमाली समुद्री डाकुओं ने कब्जे में लिया था, जिसमें 18,500 बैरल तेल था और वह मोगादिशु जा रहा था। उसके क्रू में पाकिस्तानी और एक भारतीय भी थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि समुद्री लुटेरों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक 2011 के बाद सोमालिया में समुद्री डकैती काफी कम हो गई थी, लेकिन 2023 के अंत से इसमें फिर उछाल आया है। इसकी बड़ी वजह यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से लाल सागर और गल्फ ऑफ अदन में जहाजों पर हमले हैं।



## एल्बम यादों और अनुभवों का अनूठा कलेक्शन : श्रेया घोषाल

बॉलीवुड की प्रतिष्ठित गायिका श्रेया घोषाल ने अपने बेहद खास ऑल हार्ट्स टूर को एक लाइव एल्बम के रूप में अपने प्रशंसकों के लिए पेश किया है, जो उनके वैश्विक संगीत सफर की एक यादगार कड़ी है। यह एल्बम उन यादों, भावनाओं और अनुभवों का एक अनूठा कलेक्शन है, जिन्हें उन्होंने अपने वर्ल्ड टूर के दौरान विभिन्न शहरों और मंचों पर महसूस किया। यह लाइव एल्बम अब सोनी म्यूजिक इंडिया के तहत जारी किया गया है। श्रेया घोषाल ने बताया कि यह सफर उनके जीवन के सबसे खास और यादगार अनुभवों में से एक रहा है। श्रेया घोषाल ने इस एल्बम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यह सफर एक साल से भी ज्यादा समय तक चला और इस दौरान मैंने दुनिया के कई बड़े शहरों में परफॉर्म किया। हर शहर, हर मंच और हर दर्शक मेरे दिल के करीब बनता चला गया।



## उर्वशी 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' में

उर्वशी रौतेला अब एक बार फिर अपने अभिनय के नए रंग के साथ दर्शकों के सामने लौटने को तैयार हैं। 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन सिर्फ एक क्राइम ड्रामा नहीं, बल्कि भावनाओं, संघर्ष और रिश्तों की गहराई को उजागर करने वाली कहानी बनने जा रहा है। इस बार शो का फोकस उर्वशी के किरदार पर है, जो एक पुलिस अधिकारी की पत्नी के रूप में न केवल मजबूत बल्कि बेहद संवेदनशील और संतुलित व्यक्तित्व को दर्शाता है।इस भूमिका को जीवंत बनाने के लिए उर्वशी ने असली जीवन के अनुभवों को आत्मसात किया। साड़ी पहनने के तरीके से लेकर संवादों के लहजे तक, उन्होंने हर पहलू को बारीकी से अपनाया।

## फिल्म के लिए बनाई जा रही सिनेमाई दुनिया पूरी तरह फ्रेशः रुक्मिणी वसंत

हाल ही में अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत ने ब्लॉकबस्टर फिल्म कांताराः ए लेजेंड चैप्टर 1 के भव्य पैमाने और इसकी अनोखी दुनिया के बारे में खुलकर बात की। रुक्मिणी वसंत ने बताया कि फिल्म का स्केल इतना बड़ा और प्रभावशाली है कि उन्होंने अपने करियर में पहले कभी ऐसा कुछ अनुभव नहीं किया। उन्होंने कहा, 'इसका स्केल निश्चित रूप से ऐसा है जैसा मैंने अब तक कभी नहीं देखा। फिल्म के लिए बनाई जा रही सिनेमाई दुनिया पूरी तरह फ्रेश और बेहद भव्य है। रुक्मिणी ने आगे कहा कि वह निर्देशक गीतू मोहनदास और अभिनेता यश द्वारा तैयार की जा रही इस नई दुनिया को देखकर बहुत खुश और रोमांचित हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'मुझे लगता है कि हमारी डायरेक्टर गीतू मोहनदास और यश जो फिल्म तैयार कर रहे हैं, वह इतनी विशाल और नई है कि यह मुझे सचमुच कुछ अनोखा और अलग लगता है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे यह देखने के लिए भी उत्सुकता है कि दर्शक इस नई दुनिया पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।



## मैं अपना काम ईमानदारी से करता हूंः राहुल रॉय



९० के दशक में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म आशिकी ने अभिनेता राहुल रॉय को रातोंरात स्टारडम के शिखर पर पहुंचा दिया था। आज वही अभिनेता अपने जीवन के एक अलग पड़ाव पर ट्रोलिंग का सामना कर रहे हैं। उनके प्रशंसक लगातार यह सवाल उठा रहे हैं कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्हें कंटेंट क्रिएटर्स के साथ रील बनाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें दुख हो रहा है। लेकिन अब अभिनेता ने ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जो उनके मजबूत इरादों को दर्शाता है। राहुल रॉय आमतौर पर मीडिया अपीरियंस से दूर ही रहते हैं और अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से बचाकर रखते हैं। शायद यह पहला मौका है जब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इतने गुस्से और निराशा का इजहार किया है।




## नंदिनी ठाकुर का जादू छाया

नंदिनी ठाकुर के नए शो तुम देना साथ मेरा में निभाया गया किरदार दर्शकों के साथ-साथ इंडस्ट्री के अनुभवी कलाकारों का भी ध्यान खींच रहा है। खास बात यह है कि उनके सह-कलाकार शब्बीर अहलूवालिया ने उनके प्रदर्शन की खुलकर सराहना की है।नंदिनी के लिए यह सिर्फ एक कॉम्प्लिमेंट नहीं, बल्कि उनके करियर का एक यादगार मोमेंट बन गया है। वह कहती हैं, 'शब्बीर सर जैसे अनुभवी अभिनेता से तारीफ मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। उनका सपोर्ट और गाइडेंस मेरे आत्मविश्वास को और मजबूत करता है।' सेट पर मिला यह सहयोग नंदिनी के अभिनय में भी साफ झलकता है– चाहे वह भावनात्मक सीन हों या किरदार की गहराई।

# आईपीएल के 'बिगड़ैल' खिलाड़ी विवादों से करियर पर पड़ा गहरा असर

नई दिल्ली (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग हाल ही में वेपिंग यानी ई-सिगरेट के सेवन को लेकर एक बड़े विवाद में फंस गए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में रियान को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीते हुए देखा गया, जो आईपीएल के नियमों का सीधा उल्लंघन है। इस घटना ने एक बार फिर आईपीएल में खिलाड़ियों के अनुशासन और नियमों के प्रति उनकी जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीसीसीआई ने इस मामले पर रियान पराग से जवाब तलब किया है और इस घटना के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है। रियान पराग का यह मामला आईपीएल में ऐसे कई बैड बॉय खिलाड़ियों की याद दिलाता है, जिन्होंने नियमों की धज्जियां उड़ाई, जिसके कारण किसी का करियर बर्बाद हुआ तो किसी को लंबे समय तक प्रतिबंध झेलना पड़ा।



इस सूची में पहला और सबसे बड़ा विवाद हरभजन सिंह और एस श्रीसंत के बीच हुआ थप्पड़ कांड है। आईपीएल 2008 में किंग्स इलेवन पंजाब और मुंबई इंडियंस के बीच मैच के बाद यह शर्मनाक घटना हुई। मैच हारने के बाद चिढ़े हुए हरभजन सिंह ने श्रीसंत को मैदान पर ही थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद श्रीसंत मैदान पर रोते हुए देखे गए। इस घटना पर बीसीसीआई ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए हरभजन सिंह को पूरे आईपीएल सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अलावा, उनकी 11 मैचों की मैच फीस भी काट ली गई। हालांकि, बाद में दोनों खिलाड़ियों के बीच सुलह हो गई, लेकिन इस घटना ने आईपीएल के शुरुआती दौर में काफी हंगामा मचाया था।

दूसरा मामला भी एस श्रीसंत से जुड़ा है, लेकिन इस बार उनका नाम स्पॉट फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप में आया। साल 2013 में दिल्ली पुलिस ने राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज श्रीसंत को बुकीज के साथ मिलकर स्पॉट फिक्सिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने मैच के दौरान तौलिये से सिग्नल देकर बुकी के कहने पर तय रन दिए थे। इस घटना के बाद बीसीसीआई ने श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया, जिसने उनके अंतरराष्ट्रीय करियर को पूरी तरह खत्म कर दिया। हालांकि, लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को कम कर 7 साल कर दिया, लेकिन तब तक उनका सुनहरा करियर समाप्त हो चुका था। इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल है। साल 2010 में युवा रवींद्र जडेजा पर आरोप लगा कि वह अपनी मौजूदा टीम राजस्थान रॉयल्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के बजाय दूसरी टीमों के साथ बेहतर डील के लिए सौदेबाजी कर रहे थे। यह आईपीएल के खिलाड़ी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन था, जिसके तहत खिलाड़ी अपनी मौजूदा टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट के दौरान अन्य टीमों से बातचीत नहीं कर सकते। इस मामले में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने जडेजा पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था, जिसके कारण वह आईपीएल 2010 में नहीं खेल पाए थे। यह उनके उभरते करियर के लिए एक बड़ा झटका था।

पूर्व क्रिकेटर टीपी सुधींद्रा भी आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसे थे। साल 2012 में एक न्यूज चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में डेक्कन चार्जर्स के टीपी सुधींद्रा को घरेलू मैचों और आईपीएल में फिक्सिंग के लिए पैसे मांगते हुए पकड़ा गया। स्टिंग ऑपरेशन में उन्होंने यह स्वीकार किया था कि वह पैसों के लिए नो-बॉल फेंक सकते हैं।

## आईपीएल : सीएसके, मुम्बई को सबसे अधिक बार हराने वाली पहली टीम बनी

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के साथ ही एक बड़ा रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। अब सीएसके की टीम मुंबई इंडियंस को 20 वीं बार हराने वाली पहली टीम बन गयी है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 41 आईपीएल मैच खेले गए हैं, जिसमें से सीएसके ने 20 में जीत हासिल की है, जबकि मुंबई इंडियंस ने 21 मैचों जीत हासिल की है। मुंबई के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीमों की सूची में चेन्नई के बाद पंजाब किंग्स का नाम आता है, जिसने 35 मैचों में 17 जीत दर्ज की हैं, जिसमें एक सुपर ओवर की जीत भी शामिल है।

इस जीत ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया है। अब नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही सीएसके प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। अगर वह अपने बचे हुए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल कर लेते हैं, तो उनके लिए प्लेऑफ की राह बन सकती है। वहीं मुंबई इंडियंस को इस हार से करारा झटका लगा है। वह अब नौवें स्थान पर बनी हुई है। आईपीएल 2024 में खेले गए नौ मैचों में से उसे केवल सिर्फ दो में जीत मिली है।

# वैभव को योग्यता के आधार पर आंकना चाहिए, न कि उम्र से

**अभी बच्चा है, पर उसकी बल्लेबाजी कमाल की है : शिखर धवन**

नई दिल्ली (ईएमएस)।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने राजस्थान रॉयल्स के युवा और तूफानी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के भारत के लिए पदार्पण की संभावनाओं पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। धवन ने कहा है कि भले ही वैभव की उम्र मात्र 15 साल है, लेकिन जब कोई खिलाड़ी उच्च स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा हो तो उम्र कोई बाधा नहीं रहती। उन्होंने वैभव के निडर रवैये की जमकर सराहना की, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के खिलाफ भी बेखौफ होकर खेलते हैं। धवन ने इस बात पर जोर दिया कि इतनी कम उम्र में ऐसा आत्मविश्वास बहुत कम खिलाड़ियों में देखने को मिलता है, जो वैभव के खेल में साफ झलकता है।

हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में बात करते हुए शिखर धवन ने कहा, अगर वैभव सूर्यवंशी सीनियर लेवल पर लाजवाब प्रदर्शन कर रहा है तो उसे उसकी योग्यता के आधार पर आंकना चाहिए, न कि उसकी उम्र के आधार पर। हां, वह अभी बच्चा है, लेकिन जिस तरह से वह जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह जैसे शीर्ष गेंदबाजों की गेंदों पर इतने बड़े छक्के मारता है, वह वाकई कमाल का है।



बहुत से बड़े खिलाड़ी इतनी कम उम्र में वह हासिल नहीं कर पाए जो उसने किया है। जाहिर है, उसका समय आएगा। यह आना ही है। आईपीएल 2025 के बाद से लगातार युवा क्रिकेट और फिर आईपीएल में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से धूम मचा रहे वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे पहले 400 रनों का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज बने हैं। उनका स्ट्राइक रेट 238.10 का है, जो किसी भी लीग में असाधारण है। वह अब तक 37 छक्के जड़ चुके हैं, जबकि उनके चौकों की संख्या छक्कों से कम है, जो उनकी आक्रामक खेल शैली को दर्शाता है। इस शानदार प्रदर्शन के बाद से ही हर कोई इस बात की वकालत कर रहा है कि वैभव को जल्द से जल्द भारत की सीनियर टीम में शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, शिखर धवन का मानना है कि इस युवा प्रतिभा के लिए अभी भारतीय टॉप ऑर्डर में जगह बनाना एक बड़ी चुनौती है।

धवन ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम के स्थापित टॉप ऑर्डर में सेंध लगाना वैभव सूर्यवंशी के लिए फिलहाल मुश्किल है। भारत ने हाल ही में 2026 टी20 विश्व कप जीता है और संजू सैमसन व अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं, ऐसे में इस युवा खिलाड़ी को आसानी से मौका नहीं मिलेगा। वनडे क्रिकेट में कप्तान शुभमन गिल और रोहित शर्मा ओपनर के तौर पर अपनी जगह मजबूत कर चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल भी अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। बैकअप ओपनर्स के तौर पर उन्हें टीम के साथ रखा जा सकता है, लेकिन उसके लिए भी भारत के पास पर्याप्त और अनुभवी विकल्प मौजूद हैं।

## »न्यूज ब्रीफ

### महाकाल को हरिओम जल अर्पित कर कपूर आरती की, महानिर्वाणी अखाड़े ने चढ़ाई भस्म

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार तड़के भव्य भस्म आरती का आयोजन हुआ। सुबह करीब चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में विराजित सभी देव



प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। भस्म अर्पण के बाद भगवान को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं अर्पित की गईं। भस्म अर्पण के बाद भगवान को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं अर्पित की गईं। 'हरि ओम' का जल अर्पित कर कपूर आरती के पश्चात श्रृंगार पूर्ण किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढंककर पारंपरिक विधि से भस्म रमाई गई। मोगरा और गुलाब के पुष्पों से सजे भगवान महाकाल का दिव्य स्वरूप भक्तों को मंत्रमुग्ध करता रहा। महा निर्वाणी अखाड़ा की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई।

### दो माह बाद भी गरोठ हाइवे के धंसे हिस्से की नहीं हुई मरम्मत

**उज्जैन।** नेशलन हाइवे उज्जैन-गरोठ रोड का धंसे हुए हिस्से की मरम्मत दो माह बाद भी निर्माण एजेंसी नहीं कर सकी। फुल हाइट के बाद 6 फरवरी को धंसे हिस्से के लिए फिर से दीवार खड़ी करते हुए भराव किया जा रहा है। अभी ऊपर करीब 10 फीट ऊंचा भराव होना है। निर्माण की इतनी धीमी रफ्तार के कारण पूरे हाइवे का उपयोग ही शुरू नहीं हो पा रहा है। उक्त हाइवे का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। सिर्फ देवास रोड ब्रिज से लेकर रेलवे पटरी के बीच का कुछ हिस्सा बचा है। रेलवे ब्रिज बनाने के लिए हाल ही में काम शुरू किया है।

### 18 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित राजेंद्र जैन शोध संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के पहले दिन दुर्घटना, बीमारी या जन्मजात कारणों से अंग खो चुके 18 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए गए। कृत्रिम अंग मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरों पर उम्मीद और आत्मविश्वास दिखाई दिया। दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के तहत जैन इंजीनियर्स सोसायटी उज्जैन चैप्टर की मेजबानी में 1 से 5 मई तक आयोजित इस शिविर में प्रतिदिन 20 से 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगाकर उन्हें सामान्य जीवन की ओर लौटने का अवसर दिया जा रहा है। शिविर में कुल 125 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ, पैर और कैलिपर निःशुल्क लगाने का लक्ष्य रखा है।

# अवैध शराब परिवहन करता ट्रक पकड़ायाः 45 लाख की बीयर और ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

**उज्जैन।**

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नानाखेड़ा पुलिस ने एक करोड़ रुपए की अवैध बीयर खेप पकड़ी है। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निनोरा टोल के पास ट्रक क्रमांक GJ17--9877 को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक से 900 पेटी बीयर बरामद की गईं। जिसमें लगभग 21,600 केन थीं। जब्त बीयर की मात्रा 10,800 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए है।



### पुलिस ने ट्रक भी जब्त किया

पुलिस ने 55 लाख रुपये कीमत का ट्रक भी जब्त किया है। इस प्रकार कुल जब्त सामग्री की कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक रवि चौहान (22) और उसके साथी गमरा गुजरिया (26) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अलीराजपुर जिले के निवासी हैं और प्राथमिक पूछताछ में उन्होंने अवैध परिवहन की बात स्वीकार की है।

यह अवैध बीयर खेप निनोरा टोल होते हुए इंदौर की ओर ले जाई जा रही थी। नगर पुलिस अधीक्षक श्वेता गुप्ता और थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में नानाखेड़ा पुलिस की टीम ने प्लान कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नेटवर्क का पता लगा रही पुलिस

पुलिस अब इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इससे पहले 16 अप्रैल 2026 को भी नानाखेड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 44 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, दो लग्जरी वाहन और फर्जी नंबर प्लेट जब्त की थी। उस कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और करीब 50 लाख रुपए की जब्ती हुई थी, जिससे इंदौर-उज्जैन-गुजरात तक फैले शराब तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ था।

**रतलाम से किडनैपिंग, 90 किलोमीटर दूर उज्जैन में मर्डर**

# शराब पीकर गला घोंटा, लाश कमरे में लॉक कर भागे, भीड़ ने आरोपी के घर में आग लगाई

**उज्जैन।**

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में मनीष माली (22) को घर से किडनैप कर उज्जैन में गला घोंटकर मार डाला। आरोपियों ने मर्डर से पहले जमकर शराब पी थी। घर से करीब 90 किलोमीटर दूर ले जाकर मारा, फिर घर में ताला लॉककर भाग गए थे। वहीं मर्डर के तीसरे दिन आलोट के विक्रमगढ़ में तनाव की स्थिति बन गई। रविवार को परिजन ने शव विक्रमगढ़ फाटक मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया। आरोपी घर में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। रविवार को प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद करीब 4 से 5 घंटे तक चक्काजाम खत्म हुआ। प्रशासन ने दो आरोपियों के घरों पर जेसीबी चलाकर अवैध हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद भीड़ और ज्यादा आक्रोशित हो गई।

**डेढ़ साल पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह**- इस हत्या के पीछे करीब डेढ़ साल पुरानी रंजिश बताई जा रही है। आरोपी पक्ष के एक युवक का मृतक की बुआ के लड़के से किसी लड़की को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर शादी समारोह में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। करीब तीन महीने पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, इसी पुरानी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

**कार में जबरन बैठाकर ले गए, फिर की हत्या**- परिजन के मुताबिक, आरोपियों ने मनीष को शुक्रवार रात करीब 10-30 बजे घर से किडनैप किया था। तीन लोग उसे जबरन कार में बैठाकर ले गए थे। शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पिता के बयान पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया।

**शराब पार्टी के दौरान विवाद, गला दबाकर हत्या**- उज्जैन में सभी आरोपी मयंक के मकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने फिर शराब पी। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर मनीष का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मकान पर ताला लगाकर फरार हो गए।

**थाने का घेराव, गेट तोड़ने की कोशिश**- हत्या की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में लोगों ने रात में आलोट थाने का घेराव कर दिया। यहां तक कि जिन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, उन्हें बाहर निकालने के लिए थाने का चैनल गेट तोड़ने की भी कोशिश की गई।

**पांच आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी**- आलोट थाना प्रभारी मुनिंद्र गौतम के अनुसार, पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी यश, मयंक और मुजफ्फर हैं, जबकि रितेश और निलेश माली भी शामिल हैं। आरोपियों के मकानों के अवैध हिस्सों को राजस्व टीम ने तोड़ा। आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्ष्ठहक्क पल्लवी गौर ने बताया कि अपहरण के बाद मामले में हत्या की धारा बढ़ाई गई है। 5 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 2 दिन का रिमांड मिला है। जांच के दौरान जिसकी भी भूमिका सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



**पुलिस जांच में खुलासा उज्जैन में की हत्या**

मृतक के पिता दिनेश माली ने मयंक उर्फ महेंद्र माली, रितेश माली और निलेश माली पर शक जताया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि मयंक ने अपने साथियों रितेश, निलेश, यश और मुजफ्फर के साथ पहले शराब पी। इसके बाद मयंक, रितेश और निलेश मनीष को उसके घर से जबरन ले गए और उज्जैन पहुंचे।



**भीड़ ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की**

प्रशासन की कार्रवाई के बाद गुस्साई भीड़ एक आरोपी के घर में घुस गई। जमकर तोड़फोड़ की। घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया गया। पत्थरबाजी की गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि घर में आग भी लगा दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद रही, लेकिन हालात काबू में करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**कार ने पैदल चल रहे परिवार को कुचला**

# महिला की मौत, उछलकर दूर गिरे बच्चे, नागदा की ओर भागा ड्राइवर

**उज्जैन।**

उज्जैन जिले के उन्हेल क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नई दिल्ली चौराहा इलाके में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे एक ही परिवार के 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 55 वर्षीय जमीला बी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में तबस्सुम (40), इरशाद (6), शिफा (13) और फरहान (8) शामिल हैं। सभी को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उज्जैन के चरक अस्पताल रेफर किया गया। सभी का इलाज जारी है। हादसे के बाद कार का ड्राइवर नागदा की तरफ भाग निकला।






### कार्यक्रम में जा रहा था परिवार

जानकारी के मुताबिक, परिवार के सभी सदस्य एक गमी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी लोग उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

हादसे की पूरी घटना पास में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में दिख रहा है कि परिवार सड़क किनारे चल रहा था, तभी सामने से आई कार ने सीधे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला।

### आरोपी चालक फरार कार ट्रेस

पुलिस के मुताबिक कार (नंबर MP-25 BH 5761) की पहचान कर ली गई है, जो राजस्थान की बताई जा रही है। उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वाहन को ट्रेस कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**महर्षि नारद जयंती समारोहवक्ताओं ने कहा-**

# अखबारों में गांव और जमीनी खबरें कम हो रही, ये चिंता का विषय

**उज्जैन।**

प्रेस क्लब और विश्व संवाद केंद्र मालवा द्वारा रविवार को महर्षि नारद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'पत्रकारिता का भारतीयकरण- जड़ों की ओर लौटती सूचनाएं' विषय पर मंथन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए। समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश दैनिक भास्कर डिजिटल वीडियो हेड एवं वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार पंड्या ने कहा कि भारतीयकरण और राष्ट्रवाद अलग-अलग विषय हैं। उन्होंने पत्रकारिता में धर्म को शामिल न करने और अपनी भाषा को जीवित रखने वाले व्यक्ति का सम्मान करने पर जोर दिया। पंड्या ने छोटी खबरों को महत्व देने और पत्रकारिता में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता भी बताई।

प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया का है और महर्षि नारद भी किसी हद तक यही कार्य करते थे। उन्होंने चुनौतियों के बावजूद पत्रकारों के काम की सराहना की और बताया कि आमजन का भरोसा आज भी प्रिंट मीडिया पर कायम है।

वक्ता डॉ. भावना पाठक, (मीडिया प्रोफेसर, सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल) ने चिंता व्यक्त की कि अखबारों में गांव और जमीनी खबरें कम होती जा रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया द्वारा लोगों को मिली ताकत का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि इच्छुक व्यक्तियों को प्रशिक्षण देकर नागरिक पत्रकार के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने इस पहल के लिए प्रेस क्लब को आगे आने को कहा।




**भाषा के सम्मान, जमीनी खबरों की अहमियत पर जोर**

कार्यक्रम में डॉ. विशाल सिंह हाड़ा ने अतिथियों का परिचय दिया, जबकि संचालन स्वामी मुस्कुराके ने किया। आभार सोहन कुमार उदेनिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्व संवाद केंद्र मालवा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह में भाषा के सम्मान, जमीनी खबरों की अहमियत और जिम्मेदार पत्रकारिता को मजबूत करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया।

**पुलिस ने नीट परीक्षार्थियों का साल बचाया**

# 15 मिनट में फोटो दिलाई छात्रा को सही सेंटर पहुंचाया

**उज्जैन।** पुलिस ने रविवार को आयोजित नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सहायता कर उनका महत्वपूर्ण साल खराब होने से बचाया। पुलिस ने एक छात्र को 15 मिनट में आवश्यक फोटो उपलब्ध कराई, वहीं एक छात्रा को परीक्षा शुरू होने से ठीक 5 मिनट पहले सही केंद्र तक पहुंचाया। यह



घटना बालक छात्रावास सराफा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारधाम केंद्र पर हुई। महिदपुर से आए एक छात्र को दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनिवार्य पासपोर्ट साइज फोटो नहीं मिली। महाकाल थाना क्षेत्र में तैनात सहायक उपनिरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने महज 15 मिनट के भीतर छात्र के लिए फोटो की व्यवस्था कराई, जिससे वह समय पर परीक्षा में शामिल हो सका। इसी दौरान एक अन्य छात्र को आधार कार्ड उपलब्ध कराकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाया गया। एक अन्य मामले में, एक छात्रा गलती से बालक छात्रावास सराफा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारधाम केंद्र पर पहुंच गई थी। दोपहर 1.25 बजे जब वह गलत केंद्र पर पहुंची, तो परीक्षा शुरू होने में केवल पांच मिनट शेष थे।ल्स्ढ्ढ चंद्रभान सिंह चौहान ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत पायलट वाहन की व्यवस्था कर छात्रा को महाराजवाड़ा क्रमांक 01 स्थित सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से छात्रा परीक्षा शुरू होने से ठीक 5 मिनट पहले अपने केंद्र पर पहुंच सकी।

**मोबाइल पर डांट से नाराज नाबालिग घर से लापता**

# 18 दिन बाद बदनावर से मिली पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**उज्जैन।**

उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने 18 दिन बाद बदनावर से ढूंढ निकाला है। परिजनों ने 14 अप्रैल 2026 को बड़नगर थाने में बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने बालिका के मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया।

लगातार तलाश के बाद 2 मई को पुलिस को सूचना मिली कि बालिका बदनावर क्षेत्र के चंपेलिया गांव में है। सूचना पर पहुंची टीम ने घेराबंदी कर बालिका को ढूंढ निकाला। थाने लाकर पूछताछ में बालिका ने बताया कि मोबाइल चलाने पर मां की डांट और मोबाइल छीन लेने से नाराज होकर उसने घर छोड़ दिया था। उसने बताया कि वह बिना किसी को बताए बस से बदनावर पहुंची और वहां एक परिचित के यहां रुक गई थी।

पुलिस पूछताछ में यह भी स्पष्ट हुआ कि बालिका के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया।

### पहली बार नगर निगम में नियुक्त होंगे आठ एल्डरमैन

**उज्जैन।** यूडीए संचालक मंडल की नियुक्ति के बाद अब नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्तियों के लिए चर्चाएं तेज हो गई है। नगर निगम में पहली बार 8 एल्डरमैन की नियुक्ति होगी। दोनों विधानसभा से चार-चार को शामिल किया जाएगा। इनके नाम लगभग तय हो चुके हैं, सिर्फ घोषणा का इंतजार है। एल्डरमैन की नियुक्ति विधायक, सांसद और जिलाध्यक्ष की पसंद से होगी। सूत्रों के मुताबिक उज्जैन नगर पालिका में उत्तर विधानसभा से मुकेश मालवीय, मनीष खंडेलवाल, अशोक देवड़ा और अरविंद उपाध्याय और दक्षिण से मुकेश चौधरी, मधुकर राव, धर्मेंद्र बरुआ और शैलेंद्र यादव के नाम हैं। वहीं एल्डरमैन के लिए महिला नेत्रियों के नाम भी भोपाल भेजे हैं, जिन पर चर्चा होना बाकी है। शीर्ष नेतृत्व से सहमति के बाद जल्द ही एल्डरमैन के नाम की घोषणा की जाएगी। नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति का प्रावधान है। ऐसे लोगों को एल्डरमैन बनाया जाता है, जिन्हें प्रशासनिक और नगर पालिका अधिनियम की जानकारी होती है।

### 15 दिवसीय कार्यशाला में सिखाएंगे नृत्य

**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था की 21वीं ग्रीष्मकालीन नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ रविवार शाम 6 बजे फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ में होगा। संस्कृति संचालनालय, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित कार्यशाला 17 मई तक चलेगी। इसमें शहर के कलाप्रेमियों को देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों से शास्त्रीय, लोक, पाश्चात्य नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण मिलेगा। संस्था उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया प्रतिकल्पा वर्षभर कथक का प्रशिक्षण देती है। इस विशेष ग्रीष्मकालीन सत्र में भरतनाट्यम, राजस्थानी लोक नृत्य और मालवी लोक नृत्य सिखाया जाएगा। वर्तमान रुझान के अनुसार वेस्टर्न डांस भी सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को मंच पर आगे ला कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा के भरतनाट्यम नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति वाघेला और वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त देंगी।

# सतलोक आश्रमों में 80 दहेज-मुक्त विवाह, देश-विदेश के आश्रमों में विश्व शांति महा अनुष्ठान

**उज्जैन।**

देश-विदेश के 14 सतलोक आश्रमों में 1 से 3 मई तक तीन दिवसीय विश्व शांति महा अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान मध्यप्रदेश के दो आश्रमों में 80 दहेज-मुक्त विवाह कराए गए, 425 यूनिट रक्तदान हुआ और 3774 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया। यह आयोजन संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में हुआ। यह महा अनुष्ठान विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसमें आध्यात्मिकता के साथ-साथ सामाजिक सुधारों पर भी जोर दिया गया, जिसमें दहेज प्रथा उन्मूलन, जातिगत भेदभाव समाप्त करना और मानव सेवा जैसे विषय शामिल थे।



सभी सतलोक आश्रमों में दहेज-मुक्त अंतरजातीय विवाह, विशाल रक्तदान शिविर और देहदान संकल्प अभियान एक साथ चलाए गए। इन आयोजनों में सभी धर्मों के अनुयायियों ने भाग लिया और मानवता का संदेश दिया।

सतलोक आश्रम किठोदा (इंदौर) और उड़दन (बैतूल) में इस आयोजन के विशेष परिणाम सामने आए। यहां कुल 80 जोड़ों का दहेज-मुक्त विवाह मात्र 17 मिनट में सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। उड़दन आश्रम में 51 और किठोदा आश्रम में 29 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इन विवाहों में दहेज, आडंबर या किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था, बल्कि सादगी और समानता पर जोर दिया गया।

मानव सेवा के तहत आयोजित रक्तदान शिविरों में दोनों आश्रमों से कुल 425 यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें उड़दन आश्रम से 282 यूनिट और किठोदा आश्रम से 143 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। देहदान संकल्प अभियान में कुल 3774 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर देहदान का संकल्प लिया। इन उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए चिकित्सकीय टीमों द्वारा दोनों आश्रमों को 'रक्त श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com